

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत, भाजपा ने कहा निवेशकों के लिए भरोसे का केंद्र-12



भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे-12



दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार-13



एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत-14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 352, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# राज्य की महिलाओं को मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना की सौगात

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन से योजना का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



योजना के शुभारंभ अवसर पर नारी शक्ति के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- कहा-लाखों महिलाओं के संघर्ष साहस और आत्मविश्वास को मिलेगी नई दिशा
- छह जिलों की 484 लाभार्थियों को भेजी डीबीटी के माध्यम से 3.45 करोड़ की धनराशि

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य की लाखों महिलाओं के संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने योजना को आरंभ करते हुए प्रथम चरण में जनपद बागेश्वर के 42 लाभार्थियों, देहरादून के 191, नैनीताल के 75, पौड़ी के 66, टिहरी के 23 और ऊधमसिंह नगर के 87 सहित 484 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 3.45 करोड़ से ज्यादा की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी। कहा कि यह योजना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी। इस योजना के माध्यम से राज्य की लाखों महिलाओं के संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास को नई दिशा दी जा रही है। महिलाओं के बिना किसी भी राष्ट्र और समाज की उन्नति संभव नहीं है। महिला के सशक्त होने से परिवार के साथ पूरा समाज सशक्त होता है।

### यह एक सशक्त महिला उद्यमी योजना

सचिव चंद्रेश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना एक सशक्त महिला उद्यमी योजना है। योजना के अंतर्गत अधिकतम दो लाख रुपये तक के कार्य/परियोजना स्वीकृत की जा रही हैं। लाभार्थी द्वारा स्वयं के श्रोतों/लोन के रूप में ली गयी धनराशि के सापेक्ष 75 प्रतिशत अथवा 1.50 लाख रुपये (जो भी अधिकतम हो) धनराशि की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत परियोजना हेतु महिला को विभागीय अनुदान धनराशि 75 प्रतिशत देय होगी एवं महिला का स्वयं का अंशदान 25 प्रतिशत अनिवार्य रूप से देय होगा।

### सात जिलों को 4 करोड़ जल्द

सीएम धामी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत छह जिलों की 484 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 3.45 करोड़ रुपये से ज्यादा धनराशि दी जा रही है जबकि शेष 7 जिलों की 540 महिलाओं को भी करीब 4 करोड़ रुपये माह के अंत तक डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। इस योजना में हमने विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा या किसी भी कारण से अकेले जीवन का भार उठाने वाली महिलाओं के साथ एसिड अटैक, आपराधिक घटना की पीड़िता, ट्रांसजेंडर्स को भी शामिल किया है।

### नारी शक्ति नेतृत्व की भूमिका में

मुख्यमंत्री ने कहा कि, इस योजना के शुरू होने से राज्य की नारी शक्ति अब नेतृत्व की भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना के साथ ही ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करने जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

# लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा इसके पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र से कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है।

### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ दिसंबर को केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल का राष्ट्रव्यापी डेटा उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

# बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।

### भाजपा महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ की सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

# कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी



- अयोध्या में बाबरी का सपना देखने वालों को यूपी के मुख्यमंत्री की चेतावनी
- बोले- अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी, ये सपना नहीं होगा पूरा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा। योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो।

राम सबके हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तो उन्हें राम याद आते हैं, बाकी समय राम को भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को भगवान राम भी भूल चुके हैं, अब उनकी नैया कभी पार नहीं होनी है। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है।

### बांग्लादेश में दुकान के भीतर एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे।

हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी।

# खाई में गिरा वाहन, तीन महिलाओं की गई जान, पांच लोग घायल

- आठ लोग सवार थे वाहन में विकासनगर क्षेत्र में नियंत्रण खोने से हुआ हादसा

**देहरादूनः** विकास नगर क्षेत्र में मंगलवार को वाहन के खाई में गिरने से तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। राजस्व पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यूटिलिटी वाहन सवारियों को लेकर गागंरोऊ गांव से विकासनगर के लिए निकला था, जिसमें वाहन चालक सहित 8 लोग सवार थे।

जैसे ही वाहन वायाधार के पास पहुंचा, वाहन का पिछला टायर निकलने से चालक रमेश अपना नियंत्रण खो बैठा। वाहन गहरी खाई में गिरने से गागंरोऊ, कालसी निवासी लूसो देवी (65) पत्नी नंदूदास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कुस्यौ निवासी गीता देवी (35) पत्नी प्रकाश खन्ना ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं, चिटाड़ निवासी धनौ देवी (53) की हायर सेंटर ले जाते हुए मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि, पांच घायलों को उपचार के लिए विकासनगर के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**देहरादून:** उत्तरकाशी में बीआरओ के ग्रीफ का एक टिप्पर (डम्फर) दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जनपद परिचालन केंद्र प्रभारी शार्दूल ने बताया कि यह हादसा मंगलवर दोपहर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। जिला अस्पताल में चालक सतेन्द्र सिंह निवासी उत्तरकाशी की मौत हो गई। सहयोगी जयराम को एम्स रेफर किया गया है।

# अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

## संभल हिंसा मामला

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

सख्ती | एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी




सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में ''ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी'' और ''बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी'' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।

### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

## स्टेट ब्रीफ

### मातृ सदन की याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर व कुम्भ मेला क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे अवैध खनन के खिलाफ मातृ सदन की जनहित याचिका पर सुनवाई हेतु पूर्व में निर्धारित न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ को सुनवाई के लिए भेज दिया है। अब मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

### याचिकाकर्ता पेश करें प्रति शपथपत्र

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नेशनल हॉकर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बिना सर्वे किए स्ट्रीट वेंडरों को हटाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं से सरकार के जवाब पर अपना प्रति शपथपत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है। मामले के अनुसार, फेडरेशन सहित अन्य ने जनहित याचिका में कहा कि राज्य में करीब 10187 स्ट्रीट वेंडर हैं। सरकार ने स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 का पालन अभी तक नहीं किया है।

# दोनों मंडलों में बनेंगे अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोग के कार्यों की समीक्षा में दी सहमति

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के दोनों मंडलों में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन/सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए और प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित भवनों में बैंक्वेट हॉल, गेस्ट हाउस, सभागार, प्रशिक्षण कक्ष, बैठक कक्ष एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन हो सके। उन्होंने अधिकारियों को बहुउद्देशीय भवन की डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में राज्य सरकार की विभिन्न



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों की समीक्षा की।

जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह भी कहा कि लाभार्थियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर योजनाओं में आवश्यक सुधार किए जाएं, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाया जा सके।

### हम सभी वर्गों के समग्र विकास को प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री धामी ने समीक्षा बैठक में कहा कि हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव नवनीत पांडे, संदीप तिवारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मातृशक्ति के कल्याण को समर्पित होकर कार्य कर रही सरकार: धामी

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, हमारी सरकार राज्य की मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है।

मंगलवार को मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, नौकरियों में प्रदेश की महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना, मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के माध्यम से राज्य की मातृशक्ति को नए अवसर प्रदान किए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, राज्य में लगभग 5 लाख महिलाएं



एकल महिला स्वरोजगार योजना के शुभारंभ अवसर पर बोलते सीएम धामी।

- **मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के शुभारंभ अवसर पर बोले मुख्यमंत्री धामी**

70 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर अपना व्यवसाय कर रही हैं।

7 हजार से अधिक ग्राम्य संगठन और 500 से अधिक क्लस्टर संगठनों के माध्यम से राज्य की महिलाएँ सामूहिक नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल भी पेश कर रही हैं। प्रदेश की 1 लाख 68 हजार से अधिक बहनों ने 'लखपति दीदी' बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया इतिहास रचा है। कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और बिक्री के लिए एक सशक्त इकोसिस्टम विकसित करने का काम किया है।

राज्य सरकार ने सरकारी सेवाओं में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु राज्य में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है।

### महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी: रेखा

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अब महिलाओं किसी दूसरे के ऊपर निर्भर न रखकर खुद आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही, अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ेगी। निश्चित ही यह योजना एकल महिलाओं की तस्वीर बदलने का काम करेंगी। इस अवसर पर विभागीय निदेशक बीएल राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



परीक्षा पे चर्चा पर संवाद सुनते बिड़ला स्कूल के बच्चे।

# बिड़ला स्कूल के विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा पर संवाद

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग में परीक्षा पे चर्चा 2025-26 के नौवें संस्करण का सफल आयोजन किया गया। इस फ्लैगशिप इंटरैक्टिव कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों की शत प्रतिशत सहभागिता रही।

इससे पूर्व कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षा से जुड़े तनाव, पढ़ाई की आदतें, आत्मविश्वास, संतुलित आहार, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य तथा 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद के महत्व पर किए संवाद और परीक्षा पे चर्चा के दूसरे सत्र में, जिसमें प्रधानमंत्री ने आधुनिक तकनीक के संतुलित उपयोग के साथ-साथ रीति-रिवाजों और भारतीय परंपराओं से जुड़े रहने पर जोर दिया, को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे जोश, उत्साह और गंभीरता के साथ देखा एवं आत्मसात किया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा की गई और उनकी प्रतिक्रियाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# उत्तराखंड की बेस्ट प्रैक्टिसेज से आंध्र प्रदेश प्रभावित : लंका

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में बीस सूत्री कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिस तरह से विभाग कार्य कर रहे हैं, उसने आंध्र प्रदेश को काफी प्रभावित किया है। आंध्र प्रदेश की बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष दिनकर लंका का कहना है कि सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्तराखंड जो बेस्ट प्रैक्टिसेज अपना रहा है, वे बहुत अच्छी हैं। इन्हें आंध्र प्रदेश में अपनाने के संबंध में विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य बेहतरीन कार्य कर रहा है।

मंगलवार को अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश के बीस सूत्री कार्यक्रमों के संबंध में अनुभवों को लेकर चर्चा हुई। उत्तराखंड ने बीस सूत्री कार्यक्रमों के कियान्वयन के लिए अपनाई जा रही पद्धति को विस्तार से सामने रखा। सतत विकास लक्ष्य(एसडीजी) को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सेतु



कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करते समिति अध्यक्ष दिनकर लंका।

- **आंध्र की बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष ने कहा-हम भी इन पर विचार करेंगे**

आयोग के निदेशक डा. मनोज कुमार पंत ने प्रस्तुतिकरण देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2016-17 से राज्य मे लगातार 369 संकेतांकों के माध्यम से एसडीजी का अनुश्रवण किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में एसडीजी के 39 संकेतांकों के आधार पर ही मासिक रैंकिंग जारी की जा रही है। विगत वर्षों में राज्य अखिल भारतीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान पर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन के अनुरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड 2047 की रूपरेखा तैयार की गई है। इस क्रम में विभागों के स्तर पर अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित किए गए है। राज्य में संचालित की जा रही योजनाओं के बजट को भी उसी के अनुरूप वित्त पोषित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीस सूत्री कार्यक्रम के संयुक्त निदेशक त्रिलोक सिंह अन्ना ने जानकारी दी कि बीस सूत्री कार्यक्रम की अनुश्रवण प्रणाली को सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप तैयार किया गया है। वर्तमान में इसके तहत् 81 योजनाओं के 246 सूचकों की प्रगति के संबंध में रिपोर्टिंग की जा रही है, जिसमें से 45 सूचकों के आधार पर नियमित जनपदवार मासिक रैंकिंग जारी की जाती है।

# इग्नू छात्रों के लिए कल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**हल्द्वानी/देहरादून :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)के कॅरियर प्लेसमेंट सेल की ओर से प्रदेश में एक मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव की जा रही है। यह प्लेसमेंट ड्राइव गुरुवार को इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून में होगी। ड्राइव में फिनटेक, बैंकिंग, आईटी, बीपीओ, सेल्स, एचआर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों की ओर से असिस्टेंट रिलेशनशिप मैनेजर, कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव, एचआर जनरलिस्ट, सेल्स व मार्केटिंग सहित विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 से 35,000 सीटीसी तक का पैकेज मिलेगा। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि यह पहल इग्नू के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी स्नातक, स्नातकोत्तर और एलुमनाई से प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को दोनों गूगल फॉर्म भरना अनिवार्य है। केवल पंजीकृत उम्मीदवारों को ही इंटरव्यू में शामिल होने का मौका मिलेगा।



सचिवालय में बैठक करते मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन। ● अमृत विचार

# आदि कैलाश, नाभिडांग व अन्य को हवाई सेवा से जोड़ें

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आदि कैलाश, नाभिडांग और जॉलीकांग को हवाई सेवा से जोड़े जाने के लिए कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा से पूर्णागिरी के लिए भी हवाई सेवा शीघ्र शुरू की जाए जाने के निर्देश दिए। प्रदेश में हवाई संपर्क बढ़ाने की सम्भावनाएं तलाशे जाने के लगातार प्रयास किए जाएं।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के सम्बन्ध में

- **मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश**

बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी की ताजा स्थिति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने प्रदेश में पर्यटन सर्किट के विकास के ध्यान में रखते हुए हैलीपैड और हैलीपोर्ट सुविधाओं को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। बैठक में सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि राज्य में हेलीपैड और हेलीपोर्ट विकसित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नैनीसैनी एयरपोर्ट को एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया को हैंड ओवर किया जाएगा।

# हरिद्वार, रुड़की को आधुनिक शहरी केंद्र में विकसित करने की योजना

**संवाददाता, देहरादून,**

**अमृत विचार:** हरिद्वार और रुड़की को आने वाले वर्षों में आधुनिक शहरी केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे पहले राज्य सरकार आमजन के सुझावों का भी फीडबैक ले रही है ताकि जनता से प्राप्त प्रत्येक सुझाव का गंभीरता, पारदर्शिता एवं नियमानुसार परीक्षण किया जा सके। साथ ही महायोजना जनअपेक्षाओं के अनुरूप और व्यावहारिक बन सके।

भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित अमृत 1.0 योजना के अंतर्गत

- **जनता से मिल रहे सुझावों का गंभीरता, पारदर्शिता व नियमानुसार परीक्षण होगा**

प्रस्तावित हरिद्वार और रुड़की महायोजना–2041 के प्रारूप पर मंगलवार को राज्य सचिवालय, देहरादून में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में हरिद्वार एवं रुड़की क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए महायोजना के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें भूमि उपयोग, आवासीय एवं औद्योगिक क्षेत्रों का संतुलित विकास, यातायात प्रबंधन, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई।

शशि मोहन श्रीवास्तव, चीफ टॉउन एंड कन्ट्री प्लॉनर ने इस योजना की बावत सभी महत्वपूर्ण जानकारी सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार से साझा की। शशि मोहन श्रीवास्तव द्वारा महायोजना के प्रारूप की विस्तृत प्रस्तुति देते हुए अब तक के कार्य और आगामी चरणों की जानकारी दी गई।

# भिकियासैंण के ब्लॉक प्रमुख सतीश नैनवाल का निधन, शोक

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** भिकियासैंण के ब्लॉक प्रमुख तथा रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के छोटे भाई सतीश नैनवाल (42 वर्ष) का मंगलवार सुबह नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था। बीते दिन तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



सतीश नैनवाल। (फाइल फोटो)

जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी है। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार देर सायं उनके गांव भतरौजखान लाया गया। अंतिम संस्कार बुधवार को बेतालघाट में किया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने कुलपति मामले में यूजीसी से 3 हफ्ते में मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने श्रीनगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को रद्द करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

नवीन प्रकाश नौटियाल की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष



उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि कुलपति के पद पर प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2018 के खिलाफ हुई है। यूजीसी विनियम, 2018 में प्रावधान है कि कुलपति पद के लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।

प्रो. सिंह का भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) में चेयर प्रोफेसर के रूप में अनुभव को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समकक्ष नहीं माना जा सकता, क्योंकि आईआईपीए न तो कोई विश्वविद्यालय है और न ही यूजीसी द्वारा शासित संस्था है। इस मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

# जंगली सूअर के हमले से बुजुर्ग गंभीर घायल

**संवाददाता, लोहाघाट**

**अमृत विचार:** पाटी विकासखंड के सिल्यूड़ी गूंठ गांव में जंगली सूअर के हमले से 78 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार को उस समय हुई, जब वे बकरियों को चराने के लिए गांव के पास खेतों में गए थे।

पीड़ित की पहचान डिकर देव जोशी पुत्र मनोहर जोशी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, बकरियां चराते समय अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया और उनके पैर पर गंभीर चोट पहुंचाई। घायल अवस्था में वे किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उन्हें निजी वाहन से पाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की सूचना देवीधुरा वन रेंज कार्यालय को दे दी गई है। ग्राम प्रधान तनुजा जोशी सहित ग्रामीणों ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

# रोडवेज कर्मियों का धरना प्रदर्शन जारी

**हल्द्वानी :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद (ट्रैफिक शाखा, हल्द्वानी) के बैनर तले कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने सरकार की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। धरने का संचालन पूर्व क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी ने किया। इस दौरान संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल, क्षेत्रीय मंत्री उमेश चंद्र जोशी, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मंत्री कौशल जोशी, शाखा मंत्री गोविंद बल्लभ जोशी रहे।

# तैयारी: 28 फरवरी तक बन जाए विभागीय आपदा प्रबंधन योजना

- **कहा- योजना केवल औपचारिक दस्तावेज तक सीमित न रहे**

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** सेंदाई फ्रेमवर्क (2015-2030) के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने राज्य के सभी रेखीय विभागों को अपने-अपने विभागीय आपदा प्रबंधन प्लान को 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

### मॉक ड्रिल कराने के निर्देश

**देहरादून :** सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने निर्देश दिए कि सभी विभाग नियमित रूप से आपदा के दौरान अपने–अपने विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर मॉक अभ्यास आयोजित करें, जिससे आपदा के समय विभागीय मानव संसाधन, उपकरणों, संचार व्यवस्था एवं समन्वय क्षमता का वास्तविक परीक्षण हो सके। मॉक अभ्यास के दौरान सामने आने वाली कमियों को दूर किया जाए ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावी रूप से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन योजनाएं केवल औपचारिक दस्तावेज न रहकर विभागीय कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए, ताकि आपदा के समय त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए सभी विभाग समन्वय कर इस माह के अंत तक योजनाएं बना लें।

# जिला बार एसोसिएशन आज करेगी कार्यबहिष्कार

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** राजस्व न्यायालयों में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में जिला बार एसोसिएशन ने बुधवार को पूर्ण कार्यबहिष्कार और जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। चेतावनी दी कि यदि जल्द लिखित आश्वासन नहीं मिला तो 23 फरवरी से अन्य जिलों की बार एसोसिएशनों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा।

बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रुवाली ने बताया कि 27 जनवरी को डीएम कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना दिया गया था। उस दौरान सीडीओ ने एक सप्ताह में लिखित आश्वासन की बात की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मांगों में न्यायिक अधिकारियों का समय पर कोर्ट में बैठना, गरिमापूर्ण व्यवहार, समन की समयबद्ध तामील, दाखिल-खारिज मामलों की रिपोर्ट समय पर मिलना, गैर-विधिक हस्तक्षेप पर रोक और नकल अनुभाग की स्थापना शामिल है। अनियमितताओं के कारण मामलों के निस्तारण में देरी हो रही है, जिससे आम जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### महिला को टक्कर मारने वाले चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** चोरगलिया थानाक्षेत्र में पैदल चल रही महिला को टक्कर मारने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशनपुर, चोरगलिया निवासी पूजा ने बताया कि बीते वर्ष 8 नवंबर को उनकी माता संगीता अपने घर जसपुर खोलिया से दूध देने डेयरी जा रही थीं। सड़क किनारे कच्चे में पैदल चल रहीं संगीता को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। वह निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खाल-हड्डियों की तस्करी के आरोपी की जमानत खारिज

**नैनीताल :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी ने गुलदार की खाल और हड्डियों की तस्करी के मामले में बागेश्वर निवासी आरोपी महेश सिंह कपकोटी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह अपराध गंभीर प्रकृति का है और इसका सीधा असर वन्यजीव संरक्षण व पर्यावरण संतुलन पर पड़ता है। अभियोजन के अनुसार 9 जनवरी को वन विभाग और एसटीएफ कुमाऊं यूनिट की टीम ने पंगोट रोड से आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से दो गुलदार की खालें और 4.350 किलोग्राम हड्डियां बरामद हुई थीं, जिनकी कीमत लगभग 30 से 35 लाख रुपये बताई गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध किया।

### बनभूलपुरा में 13 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में अभियान चलाकर 13 घरों में बिजली चोरी का खुलासा किया। विभागीय आकलन के अनुसार बिजली चोरी से करीब 1.65 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। संबंधित मकान मालिकों को जुर्माने के नोटिस जारी कर दिए गए हैं। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। अभियान के दौरान लाइन नंबर तीन, चार, सात, आठ, नौ, दस, बारह, नई बस्ती और रेलवे बाजार क्षेत्रों में जांच की गई। जांच में कई स्थानों पर पोल से अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली उपयोग करते पाए गए। मौके पर ही अवैध तार हटाए गए और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।







मंगलवार को दिन के लगभग 12 बजे होंगे, देवलचौड़ से बिड़ला स्कूल जाने वाले मार्ग पर आरटीओ की चेकिंग चल रही थी। उत्तराखंड परिवहन विभाग के कर्मी रास्ते में रोक-रोक वाहनों को चेक करते नजर आए। इस दौरान रोके गए लोगों के दिलचस्प बहाने सुनने को मिले। किसी ने गाड़ी के कागज नहीं रखे थे तो बहाना सुनने को मिला –साहब बस हनुमान जी दर्शन करने निकला था, कागज तो घर पर है ही। एक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था तो बोला- डॉक्टर ने मना किया है। वहीं, कई ऐसे मिले जिन्होंने हेलमेट तो लगा रखा था लेकिन बेल्ट नहीं लगायी थी। आरटीओ वालों ने उनकी बेल्ट भी लगा दी। एक ने तो अपनी गाड़ी पर नंबर गलत तरीके से लिखवाया था- बोला, अरे साहब! बच्चों की शैतानी है। ● फोटो-राजेश श्रीवास्तव

# पिता-पुत्र तहसीलदार से बोले, साइन करो कागज पर... कैसे नहीं करोगे

## खनन कारोबारी पिता-पुत्र के दुस्साहस पर तहसीलदार को बुलानी पड़ी पुलिस फोर्स

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 'साइन करो कागज पर, कैसे नहीं करोगे तुम्हारा काम है यह' कुछ इस तरह बोलकर खनन कारोबारी पिता पुत्र ने तहसीलदार पर उपखनिज भंडारण की एक रिपोर्ट में साइन करने के लिए दबाव बनाया। तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने तो पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। फिलहाल घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को तहसीलदार कुलदीप पांडेय नैनीताल रोड स्थित तहसील दफ्तर में रोजाना की तरह काम कर रहे थे। इस बीच लगभग 12 बजे रामपुर रोड निवासी खनन कारोबारी पिता पुत्र पहुंचें। उन्हें उपखनिज भंडारण के लिए एक रिपोर्ट पर तहसीलदार के साइन कराने थे। जब तहसीलदार ने फाइल चेक की तो जिला खनन अधिकारी का आदेश, मौके की फोटो, पटवारी की आख्या वगैरह




सांकेतिक एआई फोटो।



उपखनिज भंडारण की रिपोर्ट को लेकर पिता-पुत्र आए थे। उनकी फाइल में जिला खनन अधिकारी का आदेश, पटवारी आख्या वगैरह नहीं थी। जब ये दस्तावेज मांगे तो कागजात नहीं दिए और जबरदस्ती साइन करने के लिए दबाव बनाने लगे। फिर पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी, घटना की शिकायत पुलिस को दी जा रही है। वैसे भी किसी भी फरियादी के काम नहीं रोके जाते हैं, नियमानुसार औपचारिकताएं पूरी होने के बाद तत्काल सभी काम किए जाते हैं।
**-कुलदीप पांडेय,** तहसीलदार हल्द्वानी

नहीं थी। साथ ही एक रिपोर्ट पर पटवारी के साइन थे लेकिन उसकी मुहर नहीं थी। इस पर तहसीलदार ने जिला खनन अधिकारी का आदेश लगाने व पटवारी की आख्या नहीं होने की बात की। आरोप है कि इस पर भी पिता पुत्र नहीं माने वे जबरन साइन कराने को लेकर अड़ गए। वे तहसीलदार को समझाने लगे कि साइन करना तहसीलदार की ड्यूटी है उसका काम है। इस पर तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। बाद में साइन कराने को लेकर जबरदस्ती करने लगे। जब बार-बार समझाने पर भी नहीं माने तो तहसीलदार पांडेय ने कोतवाली से पुलिस फोर्स बुलाई। बाद में फोर्स से उन लोगों को बाहर निकाला गया। फिलहाल घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपी जा रही है।

### चर्चाओं में रही तहसीलदार के साथ हुई घटना

**हल्द्वानी :** तहसील में पहली बार ऐसा वाकिया हुआ जब फरियादी ने तहसीलदार पर इतना दवाब बना दिया कि उन्हें पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। फिलहाल दिन भर यह मुद्दा चर्चाओं में रहा। सिर्फ तहसील ही नहीं, एसडीएम कोर्ट, कोतवाली समेत अधिवक्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों में इस प्रकरण को लेकर चर्चा होती रही।

## पारा चढ़ा, तापमान पहुंचा 24 डिग्री

**हल्द्वानी :** मैदानी इलाकों में फिर से तापमान में उछाल आ रहा है। हल्द्वानी में दिन के समय अधिकतम तापमान पहले से ज्यादा दर्ज किया गया है तो वहीं पहाड़ों में भी दिन के समय अच्छी धूप निकल रही है

हल्द्वानी में पूर्वान्ह में हल्के बादल छाए थे लेकिन दोपहर बाद तेज धूप निकली और तापमान में उछाल भी आया। अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया जबकि विगत दिनों पारा 22 डिग्री के आसपास चल रहा था। न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री रहा। मुक्तेश्वर में दिन के समय सामान्य से ज्यादा तापमान चल रहा है।

## बादलों से घिरी रही सरोवर नगरी

**नैनीताल:** सरोवर नगरी मंगलवार को धूप छांव के साथ बादलों से घिरी रही। बुधवार को भी मौसम का मिजाज इसी तरह के रहने की संभावना है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। नगर में धूप छांव का खेल सुबह से शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। बादलों के कारण तापमान में गिरावट बनी रही। जिस कारण दिन में भी ठंड महसूस हुई। शाम के समय ठंड में बढ़ोतरी हो गई।

# ग्राहकों के गहने लेकर फरार हो गया ज्वैलर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र से ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक सुनार ने ग्राहकों को चूना लगा दिया। एक-एक कर करीब आधा दर्जन ग्राहकों से 228.23 ग्राम सोना और 3.60 लाख रुपए की नगदी जमा की। जिसके बाद अचानक दुकान में ताला लगाकर गायब हो गया। पीड़ितों ने मुखानी थाने में शिकायत की, लेकिन जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह फरियाद लेकर एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी ने फरार ज्वैलर्स की तलाश में एसओजी और मुखानी थाना पुलिस को लगाया है।

लामाचौड़ में मां भगवती ज्वैलर्स है, जिसका मालिक नरेंद्र सिंह रावत और उसकी पत्नी पूजा रावत है। नरेंद्र मूलरूप से मोड़ी ताड़ीखेत अल्मोड़ा का रहने वाला है और पिछले कई वर्षों से कुरिया गांव लामाचौड़ में परिवार के साथ रह रहा था। मंगलवार को कुरिया गांव लामाचौड़ निवासी निर्मला निगलटिया, देवपुर देवका लामाचौड़ निवासी बसंती देवी, कठघरिया खेमपुर निवासी हेमलता दानू, गुजरौड़ा फतेहपुर निवासी पुष्पा कन्याल और घुनी नंबर 2 कठघरिया निवासी पूरन सिंह बोहरा एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी से मिले। पीड़ितों ने एसएसपी को बताया कि नरेंद्र ने उनके पुराने गहने रिपेयर कर नया करने के नाम पर उनसे गहने और नगदी ली थी। 6 फरवरी को नरेंद्र दुकान बंद कर फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित मुखानी थाना पहुंचे। आरोप लगाया कि मुखानी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए एसओजी और थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी को लगाया गया है।

### पति माल लेकर फरार पत्नी ने लिखाई गुमशुदगी

**हल्द्वानी :** ज्वैलर्स नरेंद्र रावत लोगों का माल लेकर 6 फरवरी को फरार हो गया। जिसके बाद 7 फरवरी को नरेंद्र की पत्नी पूजा रावत ने मुखानी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस को दी शिकायत में पूजा ने लिखा, उनका पति 6 फरवरी को घर से स्कूटी पर सवार होकर निकला था। उसकी स्कूटी ऊंचापुल और कुसुमखेड़ा के बीच एक पेट्रोल पंप में खड़ी मिली। उसी रोज 3 बजे के बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया।

# मांगों को लेकर एकजुट हुए डिप्लोमा इंजीनियर्स, बैठक में दी कड़ी चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की ओर से डिप्लोमा इंजीनियर्स ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया। चेतावनी दी कि उनकी मांगों को अनदेखा न किया जाए।

सिंचाई भवन के एकता परिसर में सभी इंजीनियर्स एक साथ जुटे। पीसी जोशी ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगति को दूर किया जाए और 4600 ग्रेड पे 1.1.2006 से अनुमन्य किया जाए। पदोन्नति में ठहराव के कारण सभी अभियांत्रिकी विभागों में कम से कम तीन पदोन्नति अथवा पूर्व की भांति 10, 16, 26 सालों में पदोन्नत वेतन दिया जाए। सुरेश जोशी ने कहा कि एक जनवरी 2024 के बाद नियुक्ति कनिष्ठ अभियंताओं को 10 साल की सेवा पूरी होने पर पहली एसीपी के रूप में 5400 ग्रेड पे दिया जाए। इस मौके पर जगदीप राणा, पंकज उपाध्याय, विवेक भट्ट, मनोज महतोलिया, सुरेश डंगवाल, सुभाष जोशी, रमेश चंद्र पांडे, यतेंद्र सिंह रावत, रविंद्र पवार, भावना पंत, अमिता, लक्षिका, रचना, प्रियंका आदि रहे।



सिंचाई विभाग परिसर में मांगों को लेकर बैठक करते डिप्लोमा इंजीनियर।

### ये भी उठाई मांगें

● पेयजल एवं जलसंस्थान का राजकीयकरण किया जाए। ● वित्त एवं कर्मिक विभाग के शासनादेशों को सभी विभाग में स्वतः लागू किया जाए। ● विभागीय अभियंताओं की ड्यूटी गैर तकनीकी कार्यों में न लगाई जाए। ● एक अक्टूबर 2005 से लागू अंशदायी पेंशन के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए।

# मेडिकल कॉलेज में पीजी थर्ड राउंड में प्रवेश शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए थर्ड राउंड की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत 6 फरवरी से दाखिले किए जा रहे हैं, जिसमें अब तक नौ अभ्यर्थियों ने प्रवेश ले लिया है।

मेडिकल कॉलेज में पीजी की कुल 82 सीटें हैं, जिन पर चरणबद्ध तरीके से काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जा रहा है। पीजी प्रवेश प्रक्रिया का पहला राउंड अक्टूबर माह में संपन्न हुआ था, जबकि दूसरे राउंड में अधिकांश सीटों पर दाखिले हुए हैं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार दूसरे राउंड में ऑल इंडिया कैटेगरी के तहत 24 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया, वहीं स्टेट कैटेगरी में 25 सीटों पर दाखिले किए गए। पहले और दूसरे राउंड के बाद कुल 49 सीटें भर चुकी थीं। थर्ड राउंड में अब तक हुए नौ प्रवेशों को मिलाकर कुल 58 सीटों पर दाखिले पूरे हो चुके हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज में पीजी की कुल 82 सीटों में से 42 सीटें ऑल इंडिया कोटे के लिए आरक्षित हैं, जबकि 40 सीटें राज्य कोटे के अंतर्गत आती हैं। शेष रिक्त सीटों पर थर्ड राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि थर्ड राउंड के पूरा होने के बाद अधिकतर बची सीटों पर भी प्रवेश किए जाएंगे, जिससे शैक्षणिक सत्र समय पर और सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में पीजी कैटेगरी में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इस समय तीसरे राउंड में प्रवेश हो रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया उत्साहपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। सभी छात्र-छात्राएं जरूरी दस्तावेज लेकर साथ आएं। **-डॉ. जीएस तितियाल,** प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

# एसपी साहब ने जवानों को सिखाया गारद का सलीका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्षिक निरीक्षण पर मंगलवार को बनभूलपुरा कोतवाली पहुंचे एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने सिपाहियों को सलीका सिखाया। उन्हें बताया कि गारद सलामी के वक्त पैरों की स्थिति क्या होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कर्मियों से शस्त्राभ्यास करने और आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने के निर्देश दिए।

बनभूलपुरा कोतवाली दिनेश सिंह फर्त्याल ने एसपी को कोतवाली के सभी भवन, कर्मचारी बैरक और मालखाने निरीक्षण कराया। एसपी ने कोतवाली कार्यालय, परिसर और भोजनालय को साफ रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को शस्त्र ड्रिल कराई। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति की तैयारी के लिए पुलिस कर्मियों को लगातार शस्त्राभ्यास कराते रहें। कोतवाली बनभूलपुरा संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण कार्मिकों से दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास कराया।

उन्होंने महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया और शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी और कर्मचारियों से व्यक्तिगत बात की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। कहा, क्षेत्र में पुलिस विजिबिलिटी को बढ़ाएं, सतर्कता और सक्रियता के साथ ड्यूटी करें। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी अमित कुमार, कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल आदि थे।



बनभूलपुरा कोतवाली में सिपाहियों को शस्त्राभ्यास कराते एसपी मनोज कुमार कत्याल।

**शिकंजा** | दिन के हर पहर गुलजार रहता है बनभूलपुरा, आड़ में पलते हैं अपराधी, बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में तारीख नजदीक देख एक्शन में पुलिस

# अब रात भर नहीं जागेगा बनभूलपुरा, पुलिस ने लगाया सख्त पहरा


कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले की तारीख नजदीक आ रही है और हालिया हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए पुलिस सचेत है। पुलिस ने बनभूलपुरा पर शिकंजा कसना भी शुरू कर दिया है, इसकी शुरुआत हुई है बनभूलपुरा के रतजगा से। दिन के चारों पहर गुलजार रहने वाला बनभूलपुरा अब रात भर नहीं जागेगा। पुलिस ने इसको लेकर अभियान की शुरुआत कर दी है। चेतावनी दी है कि बनभूलपुरा में दुकानें और बाजार रातभर नहीं खुलेंगे।

बता दें कि दो साल पहले बनभूलपुरा में उस वक्त दंगा भड़क गया था, जब प्रशासन की टीम कंपनी बाग में अवैध अतिक्रमण ढहाने पहुंची थी। इस दंगे में बनभूलपुरा थाना फूंक दिया गया, सरकारी और निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पथराव और गोलीबारी हुई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। आक्रोशित भीड़ ने थाने में मौजूद अधिकारियों को जिंदा जलाने की कोशिश की।

तब पुलिस ने माना था कि यह सब सुनियोजित षड्यंत्र था। अब ऐसा दोबारा न हो, इसको लेकर पुलिस तैयारी कर रही है। इसकी शुरुआत भी पुलिस ने कर दी है। पुलिस अब 11 बजे के बाद भी खुलने वाली दुकानों और दुकानदारों पर कार्रवाई कर रही है। साथ ही चेतावनी दे रही है कि आवश्यक सेवा से जुड़ी दुकानों के सिवा के अब रात 11 बजे के बाद कोई भी दुकान नहीं खुलेगी। दिन के चारों पहर गुलजार रहने वाले बनभूलपुरा में आमजन के बीच अपराधी भी दुबके रहते हैं।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि रात में बाजार और दुकानों के खुलने का कोई औचित्य नहीं है। बनभूलपुरा पुलिस को निर्देशित किया गया है कि रात 11 बजे के बाद दुकान खोलने वाले दुकानदारों को चेतावनी दें और चेतावनी के बाद भी यदि दुकानदार न मानें तो उसने खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि इस चेतावनी से आवश्यक सेवा से जुड़ी दुकानों को मुक्त रखा गया है।



हल्द्वानी का बनभूलपुरा क्षेत्र। ● अमृत विचार

### 31.87 हेक्टेयर भूमि पर किया है रेलवे ने दावा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में रेलवे की लगभग 31.87 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण हटाने का मामला नैनीताल हाई कोर्ट के 20 दिसंबर 2022 के आदेश के बाद से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसमें 4365 घरों में रह रहे करीब 50,000 लोगों के विस्थापन का संकट है। मामला 2007 से जारी है, जिसमें 2016-17 में सर्वे के बाद रेलवे इसे अवैध मानता है, जबकि निवासी इसे अपना घर बताते हैं। अब इस पर अंतिम सुनवाई 3 फरवरी 2026 को होने की संभावना थी, लेकिन तारीख टल गई। अब बताया जा रहा है कि 24 फरवरी को इस पर सुनवाई होनी है।

### पुलिस पहले भी चला चुकी है ड्राइव, नाकाम रही कवायद

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने का पुलिस पहले भी प्रयास कर चुकी है। यह वाक्या 8 फरवरी 2024 का है, जब बनभूलपुरा हिंसा की आग में सुलग उठा था। कई दिन कर्फ्यू में गुजारने के बाद बनभूलपुरा मुक्त हुआ तो पुलिस ने सख्त कदम उठाने शुरू किए और इसकी शुरुआत हुई रात भर खुली रहने वाली दुकानों पर नकेल कसने से। पुलिस ने ताबड़तोड़ चालान किए और देर रात तक दुकान न खोलने को लेकर चेतावनी जारी की। कुछ दिनों तक तो सब ठीक रहा, लेकिन बाद में स्थिति जस की तस हो गई।

# दिल्ली से आ रहा युवक जहरखुरानी का शिकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दिल्ली से भीमताल के लिए बस में सवार हुआ था युवक
- रास्ते में किसी ने पिलाई थी चाय खाते से एक लाख पार

**अमृत विचार :** रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से भीमताल के लिए निकला युवक जहरखुरानों का शिकार बन गया। बस से उतरते ही वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। अस्पताल में होश आया तो पता लगा कि उसका मोबाइल फोन, नगदी और एटीएम गायब है। कुछ देर बाद ही उसके खाते से एक लाख रुपए कट गए।

गणाई गंगोली, पिथौरागढ़ निवासी पंकज पांडे दिल्ली स्थित एक आईटी कंपनी में काम करता है। पंकज के जीजा हिमांशु पांडे के मुताबिक, पंकज को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए भीमताल जाना था। इसके लिए सोमवार रात वह आनंद बिहार दिल्ली से बस में सवार हुआ। सुबह करीब 5 बजे बस से उसे शीशमहल में उतारा। बस से उतरते ही पंकज औंधे मुंह सड़क पर गिर कर बेहोश हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर पड़ी तो उन्होने सूचना पंकज के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां होश में आने पर पता लगा कि उनके मोबाइल फोन, नगदी और एटीएम गायब है। साथ ही खाते से भी एक लाख रुपए निकाल लिए गए। पंकज ने परिजनों को बताया कि उन्हें रास्ते में किसी ने चाय पिलाई थी। काठगोदाम पुलिस जांच कर रही है।

## सिटी ब्रीफ

### ग्राफिक एरा में 'एडब्ल्यूएस जेम 2026' का आयोजन

**भीमताल, अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैंपस में अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्ल्यूएस) के सहयोग से 'एडब्ल्यूएस जेम 2026' का भव्य आयोजन किया गया। यह गेम-आधारित क्लाउड कंप्यूटिंग प्रतियोगिता थी, जिसमें देशभर से 480 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह भीमताल कैंपस में आयोजित होने वाला पहला एडब्ल्यूएस जेम कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। एडब्ल्यूएस के टेक्निकल लीड रोहित शर्मा और सॉल्यूशन आर्किटेक्ट अर्पित चौधरी ने छात्रों को तकनीक के सही उपयोग की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुरक्षा, डेटाबेस और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी चुनौतियों को हल किया। शीर्ष दस प्रतिभागियों को 50 हजार की पुरस्कार राशि दी गई।

### सरोवर नगरी में लंबे समय बाद रेड फॉक्स का दिखाई देने से पर्यावरण प्रेमी व वन्यजीव विशेषज्ञ उत्साहित

# गुलदार व सुअरों के आतंक पर लगाम लगाएगी लाल लोमड़ी

एक्सक्लूसिव

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी में लंबे समय बाद लाल लोमड़ी (रेड फॉक्स) का दिखाई देना पर्यावरण प्रेमियों और वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए एक सुखद संकेत माना जा रहा है। बीते दो दशकों में पहाड़ी क्षेत्रों से लगभग विलुप्त होती जा रही इस प्रजाति की मौजूदगी ने जैव विविधता संतुलन की नई उम्मीद जगाई है।

हाल ही में नैनीताल के वन क्षेत्र से सटे इलाकों में स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने लाल लोमड़ी को विचरण करते देखा। वन विभाग और विशेषज्ञों



लाल लोमड़ी सांकेतिक फोटो।

ने इसे क्षेत्र में वन्य जीव विविधता के लिए सकारात्मक बताया। रेड फॉक्स चूहों, खरगोशों और अन्य छोटे स्तनधारियों की आबादी को नियंत्रित करना है।

**एक करोड़ की योजना अधूरी :** पूर्व में तत्कालीन डीएफओ टीआर बीजू लाल द्वारा पटवारडांगर क्षेत्र में लाल लोमड़ी संरक्षण के लिए एक करोड़ रुपये की योजना बनाई थी, लेकिन केंद्र से बजट न मिलने से यह परियोजना अधर में लटक गई।

#### तेजी से घट रही थी संख्या

नैनीताल चिड़ियाघर के रेंजर आनंद लाल के अनुसार, लाल लोमड़ी की संख्या में बीते 20–25 वर्षों में भारी गिरावट आई थी। इसके पीछे शिकार, बढ़ता शहरीकरण, जंगलों की कटाई, सड़क निर्माण, मानव हस्तक्षेप और भोजन की कमी प्रमुख कारण रहे। उन्होंने बताया कि लाल लोमड़ी की मौजूदगी से गुलदार के हमलों और जंगली सुअरों की बढ़ती आबादी पर नियंत्रण संभव है, क्योंकि यह प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।

#### पर्यावरण संतुलन के लिए अहम भूमिका

पर्यावरणविदों का कहना है कि लाल लोमड़ी पारिस्थितिकी तंत्र की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह छोटे जीव-जंतुओं की संख्या नियंत्रित कर जंगलों में संतुलन बनाए रखती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका लौटना दर्शाता है कि कुछ क्षेत्रों में पर्यावरणीय परिस्थितियां अब भी अनुकूल बनी हुई हैं।

#### संरक्षण के प्रयासों का दिखा असर

वन विभाग द्वारा किए गए संरक्षण प्रयास, मानव हस्तक्षेप पर नियंत्रण और आवास सुरक्षा का असर अब दिखाई देने लगा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इसे स्थायी सफलता बनाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

#### निगरानी बढ़ाएगा वन विभाग

रेंजर आनंद लाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में लाल लोमड़ी देखी गई है, वहां निगरानी बढ़ाई जाएगी और कैमरा ट्रैप लगाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि इसकी गतिविधियों और संख्या पर नजर रखी जा सके।



भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### शहीद सैनिक विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नैनीताल :** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025-26 में खेल, कला उत्सव एवं एनसीसी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम देशभर में रोशन किया है। विद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों ने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं व कैंपों में प्रतिभाग कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। खेल प्रतियोगिताओं में 21 विद्यार्थियों ने फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कला उत्सव में 6 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एनसीसी के 24 कैडेटों ने राष्ट्रीय कैंपों में भाग लिया, जिनमें कैडेट हरविंदर ने आरडीसी परेड में प्रतिभाग कर विशेष पहचान बनाई। इसके अलावा विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का अग्निवीर में चयन भी गर्व का विषय रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व प्रबंधक ज्योति प्रकाश ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# भूमि और भवनों की जांच के विरोध में पालिका कार्यालय का किया घेराव

### निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करने तथा जांच के नाम पर भेदभाव करने का लगाया आरोप

**संवाददाता, भवाली**

**अमृत विचारः** हाल ही में नाबालिग से दुराचार के मामले के बाद आरोपी के भवन व भूमि कागजातों की जांच के साथ अन्य लोगों के निर्माण और जमीन की जांच किए जाने के विरोध में बुधवार को स्थानीय लोगों ने भवाली पालिका कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने इसे निर्दोष लोगों के उत्पीड़न की कार्रवाई बताते हुए कड़ा विरोध जताया और निष्पक्ष जांच की मांग की।



भवाली में मंगलवार को जुलूस निकालते एक समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसी एक व्यक्ति की गलती की सजा पूरे क्षेत्र के लोगों को देना अनुचित है। वर्षों से निवास कर रहे लोगों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर भवाली का माहौल खराब कर हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो दोषी है, उसे कानून सजा दे, लेकिन निर्दोषों के खिलाफ कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

युवा नेता शीलू कुमार ने कहा कि जिन लोगों को पालिका द्वारा बिजली, पानी और रास्ते जैसी सुविधाएं दी गई हैं, उन्हें अब अचानक अवैध घोषित करना गलत है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अवैध निर्माण व जनसांख्यिकी बदलाव को लेकर पालिका कार्यालय का घेराव किया था, जिसके बाद जांच समिति गठित की गई थी। इसी के विरोध में बुधवार को लोगों ने जुलूस निकाला, नारेबाजी की और पुतला दहन भी किया।

प्रदर्शन में शीलू कुमार, नरेश पांडे, अफसर अली सहित सैकड़ों महिलाएं व स्थानीय लोग शामिल रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते मनोज भट्ट।

### सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीमतालः** नगर के कुआंताल में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि कुआंताल स्थित सरकारी विभाग की भूमि पर बाहरी प्रदेश से आए विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अवैध रूप से बसावट और निर्माण किया गया है। इससे क्षेत्र की सामाजिक संरचना और जनसांख्यिकी संतुलन प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सिंचाई विभाग द्वारा अवैध निर्माणकर्ताओं को नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। इस मौके पर दयाकिशन पोखरिया, मनोज जोशी आदि रहे।



क्रिकेट मैदान में रन और विकेट के लिए संघर्ष करतीं उत्तराखंड और कर्नाटक की टीमें।

# कर्नाटक ने उत्तराखंड को दी करारी शिकस्त

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** कौशिकी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित कर्नल सीके नायडू अंडर-23 ट्रॉफी के मुकाबले में कर्नाटक ने उत्तराखंड को 198 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम एक समय 122 रन पर सात विकेट गंवा चुकी थी और सोमवार को पूरी टीम 255 रन पर ऑलआउट हो गई। उत्तराखंड की ओर से इशाग्र जगूड़ी ने सर्वाधिक 88 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि देवांश ने 45 रन बनाकर कुछ देर संघर्ष किया। कर्नाटक के गेंदबाजों ने पूरे मैच में अनुशासित और प्रभावी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। मनोवर्थ कुमार ने तीन विकेट झटके, जबकि समित द्रविड़, हार्दिक राज और शशि कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने उत्तराखंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके। इस अवसर पर रामनगर स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मेहरा, सचिव गौतम फर्त्याल, कोच सतीश पोखरियाल, भास्कर पोखरियाल, हिमांशु चौहान, मोहम्मद इकरार, मोहम्मद दानिश और कौशिकी क्रिकेट ग्राउंड की एमडी स्वाति चौहान ने कर्नाटक टीम को बधाई दी।

### मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्षों का किया जोरदार स्वागत

**नैनीतालः** नैनीताल मंडल के नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों के स्वागत के लिए नैनीताल क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

उन्होंने युवा मोर्चा अध्यक्ष रितुल कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मयंक पंत, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष हेमंत बेदी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मनसंजोक सबरवाल और ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रोहित थापा को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की मजबूत कार्यशैली के बल पर वर्ष 2027 में पुनः भाजपा सरकार बनेगी। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीति के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, युवा साथी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते करणी सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### टीनशेड के नीचे पढ़ने को मजबूर बच्चे, भेजा ज्ञापन

**रामनगर :** करणी सेना ने शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर उप जिलाधिकारी रामनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। संगठन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कंजरपड़ाव की खराब स्थिति पर चिंता जताई। पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यालय में बच्चे खुले टीनशेड के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। बरसात, गर्मी और सर्दी में कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करने से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में मंदिर समिति के लिए कमरे बने हैं, लेकिन बच्चों के लिए पक्के कक्षा-कक्षों की कोई व्यवस्था नहीं है। करणी सेना ने मांग की कि विद्यालय में शीघ्र पक्के कमरों का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि ज्ञापन मिला है। निर्माण कार्य के लिए आवंटित धनराशि की जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क के डामरीकरण को 7.15 करोड़ स्वीकृत

**धानाचूलीः** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि झूतिया से कोल-कांडा-कुना तक सड़क सुधारीकरण व डामरीकरण के लिए 7.15 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और जल्द ही सड़क पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

विधायक कैड़ा ने बताया कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में राज्य योजना के अंतर्गत किया गया था, लेकिन डामरीकरण न होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात में किसानों को अपने कृषि उत्पाद हल्द्वानी तक पहुंचाने में परेशानी होती थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने इस मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण के लिए पीएमजीएसवाई फेज-4 के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिल चुकी है।

# डेमोग्राफी में बदलाव पर रोष, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में डेमोग्राफी एवं जनसांख्यिकी बदलाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने हाल ही में सामने आई एक गंभीर आपराधिक घटना का उल्लेख करते हुए इसे बढ़ते असामाजिक तत्वों से जोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के बाद बिजली-पानी के लिए एनओसी जारी की जा रही है।

ज्ञापन में सेनिटोरियम क्षेत्र में बनी मस्जिद की भूमि की वैधता की जांच कराने तथा शेष भूमि का उपयोग जनहित के कार्यों में करने की मांग की गई। साथ ही नजूल व सरकारी भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर जिला मंत्री मनोज भट्ट, भावना मेहरा, दयाकिशन पोखरिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### विधायक सरिता आर्या ने की निंदा

विधायक सरिता आर्या ने भाजपा कार्यकर्ताओं के पुतले व व्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने की कड़ी निंदा की उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यकर्ता पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त योग्य नहीं है। यह निंदनीय कृत्य है।

# संस्कृत भाषा की बारीकियों से कराया अवगत

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य परियोजना कार्यालय, देहरादून के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भीमताल के निर्देशन में पीएम श्री एयूएसबीएसएम राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट में नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अंतर्गत त्रिभाषा सूत्र के तहत संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं समृद्धि के लिए पंचदिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर के अंतर्गत प्रतिदिन दो घंटे छात्रों को संस्कृत भाषा की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधानपति मटेला केशव दत्त त्रिपाठी, प्रभारी प्रधानाचार्य सत्येन्द्र नाथ तिवारी, भद्रेठा प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण मिटियाली, पीटीए अध्यक्षा मीना देवी तथा एसएमसी



पतलोट में संस्कृत सम्भाषण के विजेता बच्चों को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

अध्यक्ष सोबन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर संयोजक एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. हेमन्त कुमार जोशी ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 में त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत संस्कृत को विशेष स्थान दिया गया है। गणित शिक्षक मदन मोहन बिष्ट ने कहा कि संस्कृत को समझने से उन्हें गणित की गहराई को जानने में सहायता मिली। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को संचिका, लेखनी आदि प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा मंजू रुवाली को इतिहास विषय में नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मदन मोहन बिष्ट, रमेश चंद्र त्रिपाठी, निशा चन्याल, शेर सिंह बिष्ट, सतीश चंद्र, यशवंत सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अनदेखी

### शहीद पार्क में मूर्ति के नाम पर चबूतरा बनाकर कर दी खानापूर्ति, पूर्व सैनिकों ने जताया रोष

# शहीद मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति लगाना भूली पालिका

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले कारगिल युद्ध के वीर शहीद महावीर चक्र विजेता मेजर राजेश अधिकारी की शहीद पार्क, लखनपुर (रामनगर) में आज तक मूर्ति स्थापित नहीं हो सकी है। पालिका प्रशासन द्वारा केवल नाम का चबूतरा बनाकर एक सरिया खड़ा कर खानापूर्ति कर दी गई है, जिससे पूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों में भारी रोष है।



शहीद मेजर राजेश अधिकारी। (फाइल)

पूर्व सैनिकों का कहना है कि यह स्थिति बलिदानी सैनिकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ है। मेजर राजेश अधिकारी ने 30 मई 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान द्रास सेक्टर की तोलोलिंग चोटी पर दुश्मनों से लड़ते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया और वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष सूबेदार मेजर नवीन चंद्र पोखरियाल ने बताया कि राष्ट्रीय पर्वों पर अस्थायी रूप से सरिए पर राइफल और हेलमेट रखे जाते हैं,




रामनगर शहीद पार्क में बनाया गया चबूतरा। ● अमृत विचार

जिन्हें बाद में हटा लिया जाता है। उन्होंने कई बार नगरपालिका से स्मारक को स्थायी रूप से विकसित करने की मांग की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्मारक स्थल पर असामाजिक तत्वों द्वारा अपमानजनक गतिविधियां की जाती हैं, जिससे सैनिक परिवार और पूर्व सैनिक आहत होते हैं।

पूर्व सैनिक लीग ने प्रशासन से मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति स्थापित करने, स्मारक का पुनर्निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी लगाने की मांग की है।

नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि यह मामला उनके कार्यकाल से पूर्व का है। शहीद पार्क के पुनर्निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिसमें सभी स्वतंत्रता सेनानियों, राज्य आंदोलनकारियों एवं बलिदानी सैनिकों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। इसमें मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति भी शामिल होगी।

### सीडीओ ने विद्यालय का निरीक्षण किया

**भीमतालः** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर परीक्षा में सफलता के लिए उपयोगी सुझाव दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का महत्व बताया। कहा कि नियमित अध्ययन और अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को बिना किसी तनाव के परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने परीक्षार्थियों को संतुलित व पौष्टिक भोजन करने, पर्याप्त नींद लेने तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# इंटरनेट के उचित, सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचारः** सेफर इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में "स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेंसः एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ एआई" विषय के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन भीमताल में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र, नैनीताल द्वारा जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अरविंद कुमार पांडे ने इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रमुख साइबर खतरों, उनसे बचाव की तकनीकों तथा एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तिलोत्मा यादव ने बताया कि विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को इंटरनेट एवं एआई के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सेफर इंटरनेट डे मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह दिवस "स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग" विषय पर मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में डीडीओ गोपाल गिरी, डीईओ पुष्कर लाल टम्टा, सुरेश कुमार बैनी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### विधायक सरिता आर्या ने पीड़िता से मिलीं

**नैनीताल :** विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को पीड़ित नाबालिग के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार करने वाले दोषी को कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि यह समाज के लिए एक सबक बने। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ है। पीड़ित परिवार को यदि कोई डराता या धमकाता है तो उसके ऊपर उचित कार्यवाही की जाएगी विधायक ने पुलिस अधिकारियों से पीड़ित व उसके परिवार के सुरक्षा की बात कही इस दौरान भाजपा नेता भावना मेहरा आदि मौजूद रहे।

### दरोगा से निरीक्षक बने रमेश सिंह नेगी

**हल्द्वानी :** उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस ने पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया। पुलिस लाइन नैनीताल में तैनात उप निरीक्षक रमेश सिंह नेगी निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए हैं। इस अवसर पर मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में सेरेमनी आयोजित की गई। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पदोन्नत उपनिरीक्षक के कंधों पर स्टार लगाए। उपनिरीक्षक रमेश सिंह नेगी पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर नियुक्त हुए थे। सेरेमनी में एसपी डॉ. जगदीश चंद्र, सीओ अमित कुमार सैनी, सीओ रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, उप निरीक्षक अर्जुन गिरी मौजूद रहे।

# साहब ...रोडवेज के बाहर बस खड़ी कर सवारी भरने से लगता है जाम

## आयुक्त दीपक रावत ने जनसमस्याओं पर की सुनवाई, अधिकांश का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर पर भूमि विवाद, धोखाधड़ी से धनराशि हड़पने, अवैध निर्माण, पारिवारिक विवाद वगैरह शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और बाकी में अगली तिथि दी।

जनसुनवाई में काशीपुर से एक शिकायत मिली जिसमें बताया गया कि पुरानी फर्म के आधार पर पांच नई कंपनियां बनाकर, भू-कानून का उल्लंघन कर विभिन्न स्थानों पर भूमि क्रय करने व भूमि के दस्तावेजों के आधार पर स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाए गए। इस पर आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जल्द जांच कर आख्या पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इस प्रकार का कृत्य कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा जो भी इसमें संलिप्त होगा उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, शिकायत आई कि हल्द्वानी बस अड्डा के बाहर निजी व रोडवेज की बसें खड़ी कर सवारियों को गन्तव्य स्थानों के बिठाया जाता है जिससे मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति होती है। इस पर आयुक्त ने कहा कि रोडवेज बस स्टेशन के बाहर मुख्य मार्ग पर कोई भी रोडवेज एवं निजी बसों द्वारा यात्रियों का नहीं बिठाया जाएगा। इसके लिए पुलिस महकमे को नियमित चेकिंग के निर्देश दिए। कालू सिद्ध मंदिर के आसपास ठेला एवं रेहड़ी लगने से मुख्य मार्ग पर जाम लगने से लोगों के आवागमन में असुविधा होती है इस पर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न लोगों के भूमि विवाद, लेनदेन के मामलों को भी निबटाया गया। वहीं, रामनगर के संजय नेगी ने मालधचौड़ में लोनिवि की ओर से इंटर लॉकिंग टाइल्स की गुणवत्ता की शिकायत की। इस पर आयुक्त ने तत्काल ईई को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए। इसके अलावा बनभूलपुरावासियों ने इन्द्रानगर, किदवई नगर, उजाला नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों के पार्षदों द्वारा नालियों में जाली लगवाने, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, विद्युत आदि की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए। गांधीनगर के लोगों ने गांधीनगर में पैदल मार्ग व ड्रेनेज सिस्टम, काठगोदाम क्षेत्र में भूमि विवाद व सरकारी भूमि में अतिक्रमण के संबंध में शिकायत पर राजस्व विभाग को मौके पर सरकारी भूमि चिह्नित करते हुए तत्काल सीमांकन के निर्देश दिए।

## शिक्षक जीवन बोरा को दी भावभीनी विदाई

**भीमताल:** राजकीय उच्चतर विद्यालय विनायक से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक जीवन सिंह बोरा के सम्मान में भीमताल ब्लॉक के अधिकांश शिक्षकों द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भावनात्मक और सम्मानपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री बंसीधर काण्डपाल ने किया। उन्होंने अपने संचालन के दौरान बोरा जी के साथ किए गए विभागीय कार्यों, उनके अनुकरणीय योगदान तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को सारगर्भित शब्दों में प्रस्तुत किया। उनका प्रभावशाली संचालन पूरे कार्यक्रम की रीढ़ साबित हुआ, जिसकी उपस्थित शिक्षकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में जीवन सिंह बोरा ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए जिला प्राथमिक शिक्षक संघ को 5100 की सहयोग राशि का चेक जिला मंत्री बंसीधर काण्डपाल को प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री हेम भट्ट, राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरि शंकर काण्डपाल, वरिष्ठ शिक्षिका मीना बोरा, संजय वर्मा, सुरेश सुयाल, नरेश पाल, प्रताप राम, मदन सिंह खिमाल, मोहम्मद आरिफ, मनोज पलरिया, कमलेश पांडेय रहे।

# जागर में देवडांगरों का अवतरण, दिया आशीष



पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित जागर में अवतरित देवडांगर व मौजूद श्रद्धालु।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच परिसर में मंगलवार को न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के मंदिर का 23वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गोल्ज्यू महाराज की भव्य जागर हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देव-आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7:30 बजे पारंपरिक गीतों और आसन पूजा के साथ हुआ। लगभग 50 मिनट तक चले इस गायन के माध्यम से देवी-देवताओं का आह्वान कर उन्हें जागर का निमंत्रण दिया गया। इसके बाद मुख्य जागर शुरू हुई, जिसमें ढोल-नगाड़ों की थाप पर जगरिये ने गोल्ज्यू महाराज की गाथा का भावपूर्ण गायन कर देव अवतरण कराया। जागर में हल्दूचौड़ निवासी आनंद दास मुख्य जगरिये रहे, जबकि डंगरिये के रूप में प्रताप अधिकारी, नवल पांडे और प्रताप जीना शामिल रहे। अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराने के लिए बेरीपड़ाव, भुजियाघाट और फतेहपुर से भी डंगरियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जैसे ही डंगरियों पर देवता का अवतरण हुआ, पूरा परिसर जय गोल्ज्यू महाराज के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने धूनी के पास देव-दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बताया कि आज 12 बजे से मंदिर परिसर में भंडारा होगा। इस दौरान मंच अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, त्रिलोक बनोली, चंद्रशेखर परगाई, शोभा बिष्ट, रितिक आर्या, संजू रहे।

# ऑपरेशन स्माइल : 40 दिनों में 33 लोगों को परिवार से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



ऑपरेशन स्माइल टीमों व स्टेकहोल्डर विभागों के साथ बैठक करते सीओ अमित कुमार।

- सीओ ऑपरेशन की स्माइल टीमों व स्टेकहोल्डर विभागों के साथ समीक्षा बैठक, गुमशुदाओं की तलाश के लिए नेटग्रिड व सर्विलांस का उपयोग तेज

**अमृत विचार :** ऑपरेशन स्माइल के तहत गुमशुदा लोगों की तलाश में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पिछले 40 दिनों में 33 लापता लोगों को तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। ऑपरेशन स्माइल इसी माह जनवरी से शुरु हुआ है, फरवरी तक चलेगा।

मंगलवार को सीओ अमित कुमार सैनी ने स्माइल टीमों और स्टेकहोल्डर विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में हुई बैठक में अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सहित कुल 4 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एसआई और आरक्षी शामिल हैं। बैठक में गुमशुदाओं की तलाश को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। सीओ ऑपरेशन ने सभी टीमों को निर्देश दिए कि गुमशुदाओं की खोज में नेटग्रिड, सर्विलांस और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। साथ ही जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों, एनजीओ और चाइल्ड हेल्पलाइन जैसे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी संभावित स्थानों पर तलाश अभियान तेज करने को कहा। साथ ही सभी प्रकरणों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला प्रोबेशन विभाग, बाल आश्रय गृह, चाइल्ड हेल्पलाइन, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीडब्ल्यूसी सदस्य, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, डीसीआरबी टेक्निकल टीम और साइबर सेल के अधिकारी मौजूद रहे।

## निशुल्क शिविर में हुई 210 की जांच

**हल्द्वानी :** काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एव हॉस्पिटल की ओर से मंगलवार को भुजियाघाट स्तिथ ज्योली गांव में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 210 रोगियों को निशुल्क जांच शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सीबीसी, ईसीजी आदि की गईं। प्राचार्य एवं एमएस डॉ. विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर में 30 प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर के रोगी, 35 जोड़ों के दर्द, गठिया कमर के दर्द के रोगी, 10 त्वचा, 15 पेट और 5 प्रतिशत मुख एव शेष सामान्य एव मौसमी बुखार एव नाक एवं आंख के रोगियों को डॉ कल्पना ने जांच की।रक्त जांच डॉ. नीतू ने किया। डीएमएस डॉ. स्वप्निल ने बताया अगले माह तक चिकित्सालय में सभी कुछ निशुल्क होगा। इस दौरान डॉ. नेहा उपाध्याय डॉ. श्वेता पौल, डॉ. महेंद्र बोरा, डॉ. कल्पना, डॉ. निवेदिता, डॉ. स्वाति भट्ट डॉ. देबेश रहे।

# ऑपरेशन के बाद मरीज आईसीयू में हो रहे भर्ती

संवाददाता, हल्द्वानी



बेस अस्पताल के आईसीयू। फाइल फोटो

- बेस अस्पताल में एक और चरण में सुधरी सेवाएं, आईसीयू में स्टाफ की कमी आ रही आड़े

**अमृत विचार :** बेस अस्पताल में कोरोना काल से बंद पड़े आईसीयू को दो माह पूर्व शुरू कर दिया गया। चार साल पूर्व कोरोना लहर में मरीजों के लिए दो करोड़ की लागत से बेस अस्पताल में 9 बेड का आईसीयू वार्ड को बनाया गया था लेकिन एक्सपर्ट की कमी के कारण आईसीयू का संचालन बंद कर दिया गया। स्टाफ की कमी से अभी तक बहुत ही कम गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा था लेकिन अब ऑपरेशन के बाद मरीज को यहां भर्ती करना शुरू कर दिया है।

आईसीयू में चार एनेस्थेटिक डॉक्टर और चार अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा 3 सर्जन, 3 फिजिशियन रोटेशन के आधार पर तैनात किए गए हैं। नौ बेड के आईसीयू में पहले बहुत ही कम गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। जिसका कारण यह था कि यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या कम थी। हालांकि राहत की बात है कि अब स्टाफ धीरे-धीरे अभ्यस्त हो रहा है। इसके बाद आईसीयू में ऑपरेशन के बाद मरीज को भर्ती किया जाना शुरू कर दिया गया है।

दिक्कत अभी यह है कि आईसीयू की समुचित सेवाओं के लिए क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट की ड्यूटी हर समय होनी चाहिए। इस हिसाब से कम से कम चार क्रिटिकल स्पेशलिस्ट होने चाहिए। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि जैसे-जैसे स्टाफ आएगा, सुविधाओं को और भी बढ़ा दिया जाएगा।

### महिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**हल्द्वानी :** महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और जांच मशीनों की कमी के चलते स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञों की कमी के कारण ओपीडी और जांच सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल में रोजाना लगभग 300 महिलाएं ओपीडी में पहुंच रही हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के चलते सभी को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। महिला अस्पताल में प्रसव के बाद नवजातों की देखभाल और जटिल मामलों के उपचार में भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। गंभीर मामलों में वेंटिलेटर, अल्ट्रासाउंड और अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध न होने से मरीजों को रेफर करना मजबूरी बन गया है। महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उषा जंगपांगी ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक जांच सुविधाओं की मांग उच्च स्तर पर भेजी गई है। जैसे ही संसाधन उपलब्ध होंगे, मरीजों को यहीं बेहतर इलाज मिल सकेगा और रेफर की संख्या में कमी आएगी।

# कॉपीराइट के नाम पर लगा वसूली का आरोप

संवाददाता, रामनगर



पंकज रावत।

**अमृत विचार:** हाल ही में रिलीज हुए पहाड़ी लोकगीत 'बते दे' को लेकर कॉपीराइट के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पहाड़ी वीडियो निर्माता पंकज रावत ने आरोप लगाया कि उनके वीडियो को बिना पूर्व सूचना के यूट्यूब से हटवा दिया गया। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को उन्होंने देहरादून में गीत पर आधारित वीडियो रिलीज किया था, लेकिन 2 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉपीराइट का दावा कर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद वीडियो हटा दिया गया। जब उन्होंने संपर्क किया तो शिकायतकर्ता ने वीडियो बहाल करने के बदले 10 हजार की मांग की और अन्य वीडियो हटवाने की धमकी भी दी। जांच में खाता नागपुर निवासी व्यक्ति के नाम पर पाया गया, जो कथित रूप से फर्जी तरीके से लोगों को ब्लैकमेल करता है। वह इसकी शिकायत साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराएंगे।

# खेलों से भी होता हैं ऊंचा मुकाम हासिल

संवाददाता, हल्द्वानी



वेंडी स्कूल में नन्ने मुन्ने खिलाड़ियों के साथ स्कूल प्रबंधन व शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित वेंडी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों ने की, जिन्होंने अपनी मासूम अदाओं और जोश से सभी का मन मोह लिया।खेल महोत्सव के अंतर्गत छोटे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की फन, बैलेंस रेस की गईं। विद्यालय निदेशक डॉ. विकल बवाड़ी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलता है। वर्तमान समय में खेलों का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है और आज अनेक विद्यार्थी खेलों के माध्यम से सरकारी नौकरियां एवं ऊंचे मुकाम हासिल कर रहे हैं। प्रधानाचार्य डॉ. भावना बवाड़ी ने कहा कि खेल जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेलों से विद्यार्थी भविष्य को और अधिक सशक्त बना सकते हैं, तथा आज खेलों के जरिए लोग देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य विजय जोशी, स्कूल कोऑर्डिनेटर मंजू थापा आदि रहे।

## फोटोग्राफर चैम्पियन को किया गया याद

**रामनगर:** पीएनजी महाविद्यालय में भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी के जनक एफ डब्ल्यू चैम्पियन की स्मृति में विशेष सत्र किया गया। इस अवसर पर उनके पौत्र जेम्स चैम्पियन ने इंटरैक्टिव सत्र में दादा के जीवन और फोटोग्राफी से जुड़े संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि एफ.डब्ल्यू. चैम्पियन वन्यजीवों के संरक्षण के पक्षधर थे और शिकार के बजाय फोटोग्राफी के माध्यम से प्रकृति को समझने पर बल देते थे। उन्होंने 1920-30 के दशक में नैतिक वन्यजीव फोटोग्राफी की शुरुआत की तथा जिम कॉर्बेट को भी बंदूक छोड़कर कैमरा अपनाने की प्रेरणा दी।

# नाबालिग से दुष्कर्म पर 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को 20 साल कारावास व 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। यदि अर्थदंड जमा न किया तो उसने और 6 माह तक जेल में ही रहना होगा।

राजपुरा, हल्द्वानी निवासी संदीप शर्मा पर क्षेत्र की एक नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगा था। यह मामला दो जून 2023 का था। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संदीप के खिलाफ पॉक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। अगले ही दिन पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया था। मामला कोर्ट में चला। अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने बताया कि मंगलवार को स्पेशल जज पॉक्सो ने मामले में सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सबूतों व गवाहों के मद्देनजर मनमोहन सिंह की अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया।

## चर्चा

### भाजयुमो की ओर से आम्रपाली इंस्टीट्यूट में युवा बजट सम्मेलन का आयोजन

# देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में ठोस कदम है केंद्रीय बजट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




आम्रपाली इंस्टीट्यूट में युवा बजट सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मंगलवार को लामाचौड़ स्थित आम्रपाली इंस्टीट्यूट में युवा बजट सम्मेलन हुआ। इसमें केंद्रीय बजट में युवाओं के लिए किए प्रावधानों का महत्व बताया।

युवा बजट सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक, दूरदर्शी और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला केंद्रीय बजट है। यह बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट बुनियादी ढांचे, कृषि और डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सृजन पर रिकॉर्ड जोर दिया गया है। बजट में 1.39 लाख करोड़ का शिक्षा प्रावधान है। शिक्षा से रोजगार नीति के अंतर्गत एवीजीसी लैब्स की स्थापना, एक हजार आईटीआई के उन्नयन तथा आगामी 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। आम्रपाली इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर ओली ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। बजट में 7% की सतत आर्थिक वृद्धि, 12.2 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय, 7.85 लाख करोड़ के रक्षा आधुनिकीकरण और रोजगार क्षमता बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन बिष्ट, प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, प्रदेश मंत्री कार्तिक हरबोला, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक गौरव जोशी, चंद्र प्रकाश तिवारी, प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी उदित पंत, उदित चौधरी, रक्षित तिवारी, कनिष्क ढींगरा, ध्रुव दरमवाल, हर्ष राजौर रहे।

# जाड़ों छयल मोरी बंय्या...बिथ

संवाददाता, हल्द्वानी




जेके पुरम स्थित कार्यालय में होली गीत गाते समिति सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रंगों के त्योहार होली का खुमार अब कुमाऊं में चढ़ने लगा है। हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से तीसरे चरण में परंपरागत होली गायन मंगलवार को भी हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. भुवन तिवारी ने किया।

संगीतज्ञ डा. पंकज उप्रेती ने धमार गायन में प्रस्तुति दी और गीत गाया कि नाहीं परत मैंका चैन कन्हैया दैखो वंशी बजावत। वरिष्ठ होल्यार मनोज पांडेय ने जाड़ों छयल मोरी बंय्या, बिथ जाओगे नैनन में गाकर अपनी प्रस्तुति दी। पंकज जोशी ने क्रम को आगे बढ़ाते हुए बीतत रैन गिनत हम तारे, जाय कहो कोई पिया से हमारे गायन किया। कार्तिक जोशी ने कौशल जोशी की तबला संगत में मैं ठाड़ी रही वृजधाम, आवन कह गए श्याम गाकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आचार्य धीरज उप्रेती के संचालन में बांसुरी वादक कैलाश चंद्र, गायक अंकित धारियाल ने अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर चेतन तिवारी, प्रियांशु जोशी, डीके पांडेय, आशुतोष पंत, सुमित चंद, देव तिवारी, तन्मय नेगी, गर्वित कांडपाल थे।

## सिटी ब्रीफ

### शांतिपुरी के पूर्व प्रधान चंदन मेहता का निधन


चंदन सिंह मेहता।

**पंतनगर** : क्षेत्र के सबसे बुजुर्ग और शांतिपुरी नंबर-2 के पूर्व प्रधान चंदन सिंह मेहता का 105 वर्ष की उम्र में मंगलवार तड़के तीन बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बड़े सम्मान के साथ स्थानीय इमलीघाट में संपन्न हुआ। स्व. मेहता का जन्म वर्ष 1921 में वर्तमान बागेश्वर और पूर्व के अल्मोड़ा जिले में हुआ था। वे अपने परिवार के साथ प्रेमनगर, शांतिपुरी नंबर-2 में निवासरत थे। स्व. मेहता अपने पीछे चार पुत्रों और चार पुत्रियों सहित परिवार छोड़ गए हैं। उनके एक दामाद आईएएस अधिकारी हैं।

### रंजिश में घर में घुसकर फायरिंग, गर्भवती महिला पर हमला

**बाजपुर** : केलाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा काजी में रंजिश के चलते घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दस नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता जागीर कौर ने बताया कि आरोपियों ने अवैध हथियारों के साथ घर में घुसकर फायरिंग की और गर्भवती बहू पर हमला किया। घायल महिला की समय से पहले डिलीवरी करानी पड़ी, नवजात की हालत नाजुक है। पुलिस ने मौके से खाली कारतूस बरामद किए हैं और जांच जारी है।

# भाजपा नेता ने दी अनशन व आत्मदाह की चेतावनी

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने काम का भुगतान न होने पर सीएम को लिखा पत्र

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचार:** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी विवेक सक्सेना ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने पंतनगर विवि की ओर से ठेकेदारी के तहत किए गए कार्य का भुगतान न करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि यदि 17 फरवरी तक भुगतान नहीं हुआ, तो वह 18 फरवरी से प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने विवि की नियंत्रक पर अभद्रता करने का आरोप भी लगाया।

विवेक सक्सेना ने कहा कि उनकी फर्म श्रीराम कंस्ट्रक्शन वर्ष 1992 से विवि में निर्माण कार्य करती आ रही है। उन्होंने एक कार्य का ऑनलाइन टेंडर डाला था, जिसे उन्हें 12 दिसंबर 2024 को अवार्ड किया गया। इसका अनुबंध 21 मार्च 2025 को हुआ और उप निदेशक निर्माण के निर्देशानुसार उन्होंने मृदा परीक्षण और संरचना डिजाइन तैयार करके कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने लगभग दो माह में नींव डाल दी थी, लेकिन 9 जून 2025 को उप निदेशक जलखंड ने पत्र देकर कुलपति के आदेशानुसार कार्य बंद करने को कहा। तब तक उनका लगभग 10-15 लाख रुपए का कार्य हो चुका था और 70 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बार-बार अनुरोध के बावजूद विभाग ने भुगतान नहीं किया। सक्सेना का आरोप है कि वित्त नियंत्रक ने भुगतान रोक रखा था। जब वह उनसे मिलने कार्यालय गए, तो नियंत्रक ने उनसे अभद्रता की। थक हारकर उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को खत लिखा है। जिसमें उन्होंने 17 फरवरी तक भुगतान नहीं होने पर 18 फरवरी को आमरण अनशन और आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष का खत इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### "तुम्हारी सरकार ने लूट लिया विवि"

**रुद्रपुर** : भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने खत में यह आरोप लगाया है कि जब सोमवार की दोपहर को वह वित्त नियंत्रक के कार्यालय गए तो वित्त नियंत्रक ने मिलने से इंकार कर दिया और बोलीं कि तुम्हारी सरकार ने पूरा विश्वविद्यालय लूट लिया है और सैकड़ों एकड़ भूमि पंतनगर एयरपोर्ट को दे दी है। जब भूमि देने का विरोध किया तो डीएम ने चेतावनी पत्र भेजा था। जिस कारण वह भुगतान नहीं होने देगी। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने खत में इसके अलावा भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### बोले विवेक-मैं मानसिक रूप से बेहद प्रताड़ित

**रुद्रपुर** : पूर्व जिलाध्यक्ष का आरोप है कि पंतनगर विवि प्रशासन द्वेष भावना से उसके साथ कार्य कर रहा है, क्योंकि परिसर में गो हत्या प्रकरण में उनके द्वारा विरोध किया था। जिस कारण प्रशासन द्वेष भावना से ग्रसित है। यहीं कारण है कि नौ माह से निर्माण कार्य भी बंद है और वह मानसिक आर्थिक रूप से बेहद प्रताड़ित हो चुका है। जिस कारण बैंक और बाजार के कर्जदार तकादा कर रहे है। प्रतिदिन ब्याज भी बढ़ रही है। यही कारण है कि यदि वह आत्मदाह करते है। तो इसकी जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी।

### मुझे खत की जानकारी नहीं: वित्त नियंत्रक

**रुद्रपुर** : पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा सीएम को भेजे गए आरोपों के खत के बारे में वित्त नियंत्रक आभा गर्खयाल से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि खत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अगर कोई बात करनी है तो भाजपा नेता मेरे कार्यालय में आकर बात करें। वह फोन पर कोई बात नहीं करना चाहतीं।

### सितारगंज की सड़कें जाममुक्त की जाएंगी

**सितारगंज** : नगर के प्रमुख चौराहों को जाममुक्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजस्व विभाग, नगरपालिका, एनएचएआई और पुलिस की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। एसडीएम रविंद्र जुंवाठा की अध्यक्षता में तिरंगा चौक, बिज्टी चौक और महाराणा प्रताप चौक का निरीक्षण किया गया।

गौरतलब है कि सितारगंज के तिरंगा चौक, बिज्टी चौक, महाराणा प्रताप चौक सहित पूरे मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। सिडकुल के भारी वाहन और खनन से जुड़े वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण भी जाम का बड़ा कारण है। कुछ दिन पूर्व सीडीओ ने पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया था। उस दौरान एनएचएआई अधिकारियों के साथ पुनः निरीक्षण कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे। मंगलवार को हुए निरीक्षण के दौरान तीन दिन के भीतर अतिक्रमण चिह्नित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जाम की समस्या से स्थायी निजात मिल सके। इस दौरान एनएचएआई के साइड इंजीनियर तुषार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली, कोतवाल सुंदरम शर्मा और एलआईयू प्रभारी भास्कर बडोला मौजूद रहे।

# महापौर के फैसले पर उठाया सवाल मंगल को शराब बंदी की रखी मांग


रुद्रपुर में महापौर को ज्ञापन सौंपने पहुंचा शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- नगर निगम में अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

**अमृत विचार:** मंगलवार को मीट दुकानों को बंद कराने के महापौर के निर्णय पर समाजसेवी एवं बंगाली नेता सुब्रत विश्वास ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि मांस की दुकानें बंद की जा रही हैं तो शराब की दुकानों को भी बंद किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने छोटे दुकानदारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया।

मंगलवार को समाजसेवी सुब्रत विश्वास ने एमएनए को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हाल ही में महापौर द्वारा छोटे मीट विक्रेताओं की दुकानें मंगलवार को बंद करने का निर्णय लिया गया, जिसका समर्थन विधायक शिव अरोड़ा ने भी किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या केवल छोटे व्यापारियों को ही निशाना बनाया जाएगा, जबकि शहर में बड़े रेस्टोरेंट, होटल, केएफसी और बार धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। सुब्रत विश्वास ने कहा कि यदि आस्था और नियमों की बात की जा रही है तो मीट-मछली के साथ-साथ शराब की दुकानों को भी मंगलवार को बंद रखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े कारोबारी और राजस्व देने वाले प्रतिष्ठानों को छूट दी जा रही है, जबकि छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मांस की तुलना में शराब अधिक घातक है, ऐसे में महापौर और विधायक को शराब पर भी प्रतिबंध लगाने का साहस दिखाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई कि यदि बड़े कारोबारी, रेस्टोरेंट और मंगलवार को शराब की दुकानें बंद नहीं की गईं, तो छोटे मांस विक्रेताओं के साथ मिलकर नगर निगम में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# दिव्यांगों ने की पेंशन बढ़ाने की मांग

- पेंशन राशि बढ़ाने सहित कई मुद्दे उठाए

संवाददाता, रुद्रपुर


सीडीओ दिवेश शासनी को ज्ञापन सौंपते दिव्यांग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिव्यांग सेवा समिति ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीडीओ दिवेश शासनी को सौंपा। समिति ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शासन-प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जीशान के नेतृत्व में दिव्यांग विकास भवन पहुंचे दिव्यांगजनों ने सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से दिव्यांग पेंशन राशि को 1500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये किए जाने की मांग की जा रही है। इसके अलावा महंगाई दर पर राशन उपलब्ध कराने, सरकारी सस्ता गल्ला डिपो से राशन वितरण, दिव्यांगों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रक्रिया को सरल करने, बैटरी चालित ट्राई-साइकिल/रिक्शा के लिए सर्विस सेंटर खोलने और अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की गई। दिव्यांगों ने धामी सरकार से मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया और कहा कि यदि अनदेखी की गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस अवसर पर निजामुद्दीन, दिनेश कुमार, बादल विश्वास, हरी किशन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फ्लाईओवर के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रुद्रपुर** : काशीपुर हाईवे स्थित फ्लाईओवर के नीचे एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। मंगलवार सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि काशीपुर हाईवे स्थित फ्लाईओवर के नीचे एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया। प्रारंभिक जांच में मृतक के नशेड़ी होने की आशंका जताई जा रही है और प्रथम दृष्टया मौत का कारण अत्यधिक नशे का सेवन माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मृतक की आयु लगभग 42 वर्ष है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटा रही है।

# मांगों को लेकर लामबंद हुए डिप्लोमा इंजीनियर

- सिंचाई विभाग में धरना देकर जताया रोष, आंदोलन की रणनीति बनाई

संवाददाता, रुद्रपुर


सिंचाई विभाग परिसर में धरना-प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने एक बार फिर अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर सिंचाई विभाग परिसर में बैठक कर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगों पर अभी तक कोई निर्णय न होने पर रोष जताया। इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन की रणनीति के तहत आगे का कदम उठाया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन के दौरान डिप्लोमा इंजीनियरों ने बताया कि वे लंबे समय से वेतन विसंगति का मुद्दा उठा रहे हैं। मांगों में कनिष्ठ अभियंताओं के लिए 4600 ग्रेड पे लागू करने, तीन पदोन्नतियों के साथ 10 वर्ष की सेवा पर 5400, 16 वर्ष की सेवा पर 6600 और 26 वर्ष की सेवा पर 8700 ग्रेड पे देने की मांग शामिल है। इसके अलावा पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, पेयजल निगम और जल संस्थान का राज्यीकरण करने, पदोन्नति सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने, सहायक अभियंताओं को वित्तीय अधिकार देने, निसंवर्गीय खंड को पुनर्जीवित करने, उरेडा में कनिष्ठ अभियंताओं को 4600 ग्रेड पे देने, न्यूनतम दो करोड़ रुपये का सामूहिक दुर्घटना बीमा, आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने और सभी अभियंत्रण विभागों में तकनीकी पदों के पुनर्गठन सहित कुल 27 मांगें रखी गईं। इंजीनियरों ने कहा कि यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो तय रणनीति के अनुसार आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ज्योति रावत, इंजीनियर मनमोहन सिंह ऐरी, आरएस मेहरा, हरीश बसेड़ा, भरत सिंह डांगी, विनोद सनवाल, आनंद सिंह नेगी, भुवन जोशी, सुभाष भट्ट, अजेंद्र जोशी, विजयपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, योगेश ततराड़ी सहित अन्य मौजूद रहे।

# वुडवॉल महिला प्रतिस्पर्धा में एसबीएस रुद्रपुर विजेता

- कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालय वुडबॉल महिला प्रतियोगिता 2025-26 संपन्न, क्रीडाधिकारी ने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपा

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर में विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वुडबॉल महिला प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन एसबीएस डिग्री कॉलेज, रुद्रपुर में हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर की टीमों ने भाग लिया।

क्रीडाधिकारी, कुमाऊं विश्वविद्यालय, संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी (डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल) तथा आई.एम.टी. कॉलेज काशीपुर की महिला टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. ए.एन. सिंह और यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंदन राठौर ने किया।

प्रतियोगिता में सिंगल और डबल्स इवेंट हुए। सिंगल इवेंट में रुद्रपुर ने प्रथम स्थान, हल्द्वानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। डबल्स इवेंट में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी ने प्रथम स्थान, जबकि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर और आई.एम.टी. कॉलेज काशीपुर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे।

इन परिणामों के आधार पर एसबीएस रुद्रपुर विजेता और डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल उपविजेता घोषित हुआ। विजेता टीम 23 फरवरी से 27 फरवरी तक भोपाल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर लोकेश पांडे, योगेश पांडेय, प्रगति दुम्का, श्वेता भाकुनी और पूर्व क्रीडाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

### 9.39 लाख रुपए का चावल डिलीवरी से पहले गायब

**सितारगंज** : सितारगंज से हरियाणा भेजे जाने वाले 420 क्विंटल चावल डिलीवरी से पहले ही गायब हो गया। मामले में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है ।उद्योगपति अमित कुमार मित्तल ने बताया कि उनकी फर्म एमबी एग्रो मिल ने रुद्रपुर निवासी एक ब्रोकर के माध्यम से 5 फरवरी को 420 क्विंटल चावल की बिक्री की, जिसकी कीमत 9 .39 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि माल के ट्रांसपोर्ट की जिम्मेदारी ब्रोकर की होती है। 5 फरवरी को ट्रांसपोर्टर के माध्यम से चावल के 656 बैग ट्रक में लोड किए गए थे। चावल हरियाणा के सामलखां में जाना था। कई दिन बाद भी भुगतान न मिलने पर जब जानकारी ली गई, तो पता चला कि चावल हरियाणा नहीं पहुंचा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ब्रोकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चावल हड़प लिया। उन्होंने बताया कि आज तक ट्रक में लोड किए गए चावल का कोई पता नहीं चला।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा का बजट संवाद

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में भाजपा ओबीसी मोर्चा बजट संवाद में उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में खटीमा में जिला स्तरीय बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रवि पाल, जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, कुमाऊं संयोजक श्रीकांत राठौर एवं जिला प्रभारी अमित पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम के साथ किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के बजट पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को वर्ष 2047 तक विकसित भारत योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री संतोष चंद ने किया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री रवि पाल ने बजट को युवाओं और देश के तकनीकी भविष्य के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि यह बजट सुधार आधारित विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान और ओबीसी समाज की अपेक्षाओं को पूरा करता है। कुमाऊं संयोजक श्रीकांत राठौर ने कहा कि नए माल परिवहन गलियारे और जलमार्गों के निर्माण से परिवहन लागत कम होगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल चंद, पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल, सचिन रस्तोगी, अमित पांडे, दिनेश गिरी, अंजू देवी, रोहन चंद, मुकेश राठौर, प्रवीण तोमर, अजीत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, हीरा चंद, रामदत्त भट्ट, कमल सिंह, सुनील कुमार, बलवीर कंबोज रहे।

### दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

**बाजपुर** : नैनीताल स्टेट हाईवे पर बरहैनी वनखंडी मंदिर के समीप दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों कारों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दोनों वाहनों में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे और बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए। सभी यात्रियों के सुरक्षित होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

**कार्यालय स्थानान्तरण आम सूचना**

उपनिबंधक कार्यालय में पंजीकृत UK0670862024013283 संस्था - जनप्रिय सर्व समाज कल्याण समिति कार्यालय नगला तराई ग्राम से अब ग्राम- चांदपुर, पो.- बिरिया, खटीमा उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में स्थानांतरित किया जा रहा है।

सचिव

## खेल-खिलाड़ी

### अलक्ष्या के गौरांग प्री-स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं में शिवान, अविका, शिवांश और तृषा ने मारी बाजी

# लिटिल लेजेंड ओलंपिक्स में बाल खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाददाता, खटीमा


खटीमा के अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के गौरांग प्री-स्कूल में 'लिटिल लेजेंड ओलंपिक्स' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्मी पब्लिक स्कूल (प्राइमरी), बनबसा की प्रधानाचार्या पूजा भट्ट तपाड़िया, विद्यालय उपाध्यक्षा जया चुफाल गोस्वामी, सह-प्रबंधक प्राजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा एवं उप-प्रधानाचार्य विनोद चंद द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ओलंपिक्स की तर्ज पर मशाल दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। नर्सरी वर्ग में 30 मीटर कोन दौड़ एवं रिंग बॉल रेस, केजी वर्ग में 50 मीटर हर्डल्स दौड़, जूनियर केजी में 50 मीटर बॉल रिले दौड़ तथा सीनियर केजी वर्ग में 60 मीटर आइसक्रीम रेस आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में नर्सरी वर्ग की 30 मीटर कोन दौड़ में शिवान, बालिका वर्ग में अविका सक्सेना, 60 मीटर हर्डल्स दौड़ के बालक वर्ग में शिवांश तथा बालिका वर्ग में तृषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अभिभावकों के लिए आयोजित 'पिक अप द बॉल' प्रतियोगिता में प्रियंका विजयी रहीं। सभी विजेता बच्चों और अभिभावकों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी संदीप कुशवाहा, दीपक भट्ट, मीना वल्दिया, अंजली चंद, सीमा भट्ट, निशा चंद, मनीष, पवनेश किरण, तनुजा गहतोड़ी, किशन सिंह मेहता, दीक्षा, महेंद्र धामी, गीतांजलि सहित विद्यालय का स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।


खटीमा से आए विद्यार्थियों के साथ बायोटेक के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

### उद्यमिता विकास के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**पंतनगर** : थारू इंटर कॉलेज, खटीमा से 80 विद्यार्थियों का दल मंगलवार को जैव प्रौद्योगिकी परिषद के भ्रमण पर पहुंचा। विज्ञान वर्ग के इन विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास और स्टार्टअप में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया गया। निर्देशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में पहुंचे विद्यार्थियों को वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. कंचन कार्की और डॉ. सुमित पुरोहित ने व्याख्यान देकर मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को स्टार्टअप नीति, बायो-ईथ्री नीति सहित नवीन नवाचारों को अपनाते हुए वैज्ञानिक पद्धति से कृषिकरण की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने परिषद की आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों को देखा। वैज्ञानिकों ने मृदा में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जांच, ऊतक संवर्धन से नई पादप प्रजाति बनाने की विधि, डीएनए जाँच और नैनो-बायोसेन्सर तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के मेवाराम, नवीन चंद्र उपाध्याय, मनीषा कल्यासी, चाँदनी, सपना शाही और लिली सिंह आदि उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

### विधिक शिविर में दीं कानूनी जानकारियां

**खटीमा :** महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खटीमा में प्रधानाचार्य हेम चंद्र कर्नाटक की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। पैनल अधिवक्ता एमसी भट्ट, शाहाना बेगम, आरबी सिंह राणा, माया देवी ने विभिन्न जानकारियां दीं। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मिलने वाली अधिकार जो की जाति, लिंग, धर्म, भेदभाव उनके स्वास्थ्य, शिक्षा ,सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार ,शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर सेफ्टी कंप्यूटर मोबाइल नेटवर्क द्वारा क्षति पहुंचाने तथा उसका निवारण बताया गया। चाइल्ड लेबर लॉ की जानकारी भी दी। मानव तस्करी बच्चों में शारीरिक कष्ट देना, भीख मंगवाना ,यौन शोषण करना, अंग बेचना, बंधुआ मजदूरी की जानकारी दी। कहा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर दे सकते हैं।

अस्पताल के भवन निर्माण के लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया भी जारी, चिकित्साधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने संसाधनों का लिया जायजा

# शक्तिफार्म में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की कवायद तेज

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) शक्तिफार्म को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में उन्नत करने और पद सृजन के बाद, अस्पताल के भवन निर्माण के लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया भी जारी है।

क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव ने पीएचसी शक्तिफार्म का निरीक्षण कर आवश्यक संसाधनों का


निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव। ● अमृत विचार

जायजा लिया और रायशुमारी की। चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल में 24 घंटे और सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की तैनाती, ओपीडी व इमरजेंसी सेवाएं, मरीजों के लिए बेड की उपलब्धता, दवाइयों की आपूर्ति, जांच सुविधाएं तथा डॉक्टरों के बैठने और रहने की व्यवस्था का विस्तृत आकलन किया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी में तैनात चिकित्सक और नर्सों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. यादव ने कहा कि सीएचसी स्तर की 24 घंटे सेवाएं शुरू करने के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना जरूरी है। उन्होंने कमरों के बेहतर उपयोग, मरीजों की सुविधा के अनुरूप लेआउट और आपातकालीन सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया। बताया गया कि अब तक पीएचसी शक्तिफार्म में केवल आठ घंटे की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध थी, जिससे रात के समय और आपात स्थिति में मरीजों को निजी अस्पतालों या दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ता था। 24 घंटे सेवाएं शुरू होने के बाद प्रसव, दुर्घटना, बुखार और संक्रमण जैसी आकस्मिक स्थितियों में मरीजों को तत्काल उपचार मिलेगा। इससे शक्तिफार्म सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इस मौके पर डॉ. दर्शन सिंह, डॉ. संदीप कौर, डॉ. मोहिद अहमद, गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

### बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता: बहुगुणा



**शक्तिफार्म :** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उनका प्रयास है कि सातों दिन, 24 घंटे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### अवैध खनन पर रोक की मांग ट्रांसपोर्टरों ने सौंपा ज्ञापन

**बाजपुर :** कोसी नदी क्षेत्र में केवल शासन से स्वीकृत खनन पट्टों पर ही खनन कराए जाने की मांग को लेकर हाथीकुंडा ट्रक ऑनर्स वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सोसाइटी अध्यक्ष करमजीत सिंह के नेतृत्व में ट्रांसपोर्टरों ने तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान व कोतवाली में एसएसआई विक्रम सिंह धामी को समस्याएं बताईं। ट्रांसपोर्टरों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोग वन भूमि से अवैध खनन कर स्टॉक तैयार कर रहे हैं, जिसे रात्रि में स्टोन क्रशरों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे वैध खनन व्यवस्था प्रभावित हो रही है और सरकार को राजस्व हानि हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा। मड़ैया बक्शी ग्राम प्रधान रघुवीर सिंह 'रिक्की', रामजीवनपुर ग्राम प्रधान बंटी, सोसाइटी सचिव राजवीर चीमा, उपाध्यक्ष पिंदरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष शीतल सिंह, श्यामलाल, जगराज सिंह, गुरदीप सिंह, हरविंदर सिंह, रमनदीप सिंह, मन्नू सिंह, सन्नी दिओल, तुषार शर्मा, गुरप्रीत सिंह, हरदयाल सिंह, मनप्रीत सिंह, अरविंद विनायक रहे।

# डंपर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति गंभीर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, दिनेशपुर स्थित ससुराल से बाइक पर अपने घर लौट रहे थे दंपती

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार कविता वैध (35 वर्ष) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका पति दिनेश वैध गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल बाइक चालक दिनेश वैध को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया और महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार दिनेश वैध अपनी पत्नी कविता वैध के साथ दिनेशपुर स्थित ससुराल से बाइक पर अपने घर जोशी कालोनी, ग्राम न्यूरिया, जिला पीलीभीत लौट रहे थे। रुद्रपुर मार्ग पर ईंटरार्क कंपनी के सामने डंपर ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ तमाम कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और घायल दिनेश का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल गए।


किच्छा में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों से वार्ता करते एसडीएम गौरव पांडे। ● अमृत विचार

### ओवरलोड वाहनों एवं अवैध खनन के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**किच्छा :** नगर क्षेत्र में ओवरलोड डंपर वाहनों और अवैध खनन के खिलाफ कांग्रेसियों ने मोर्चा खोलते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने की।धरने के दौरान कांग्रेसियों ने स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग पर ओवरलोड वाहनों और अवैध खनन को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मिलीभगत के चलते डंपर वाहन हाईवे पर दौड़ रहे हैं और आम जनता के लिए खतरा बने हुए हैं। कांग्रेसियों ने यह भी बताया कि मंगलवार की सुबह भी खनन में लिप्त डंपर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर एसडीएम गौरव पांडे मौके पर पहुंचे और कांग्रेसियों से बातचीत कर ओवरलोड डंपर वाहनों पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी नितिन भदोरिया द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। धरना प्रदर्शन में पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, जीवन जोशी, भूपेंद्र पपनेजा, ओमप्रकाश दुआ, दिलीप बिष्ट, फजील खान, लियाकत अंसारी, हरभजन सिंह, एनयू खान, इंतजार मलिक, दलजीत सिंह, डिंपल सिंह, दीप हंसपाल, धर्मेंद्र सिंधी, जाकिर अंसारी, फरियाद शाह सहित अन्य उपस्थित थे।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**काशीपुर:** तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध करने पर तीन लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। निझडा फार्म जसपुर खुर्द निवासी संदीप कुमार पुत्र सतीश कुमार ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 8 फरवरी की दोपहर अपने घर पर था। घर के पास एक रेस्टोरेंट पर आदित्य नेगी, नीरज नेगी, गुररानी व 5 अन्य व्यक्ति शराब पी रहे थे तथा तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। जब वह और उसके चाचा मुरारीलाल उन्हें समझाने गये, तो उन्होंने चाचा को गाली देते हुए धमकी दी। आरोप है कि शाम करीब 6 बजे आरोपी उसके घर में लाठी-डंडे व लोहे की रॉड लेकर घुस आये और जान से मारने की नियत से उस पर हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने जान-माल का खतरा बताया है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** आईटीआई कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान द्रोणासागर के टीले के पीछे से बासियोंवाला मंदिर के पास निवासी सहदेव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

# विद्यार्थियों को दी साइबर क्राइम की जानकारी, बनाया जागरूक


विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट और साइबर क्राइम की जानकारी देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सुरक्षित इंटरनेट कार्यशाला

**अमृत विचार:** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और साइबर अपराध से जुड़ी अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कार्यशाला में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और इससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग अक्सर संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश भेजकर लोगों को धोखाधड़ी के जाल में फंसाते हैं।

उन्होंने यह भी समझाया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए मजबूत और गोपनीय पासवर्ड रखना आवश्यक है, क्योंकि अक्सर अपराधी आसान पासवर्ड या बातचीत के माध्यम से गोपनीय जानकारी जुटा लेते हैं। इंटरनेट का सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग ही साइबर अपराध को रोकने में मदद करता है। कार्यशाला में बताया गया कि साइबर ठगी या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि देखी जाए तो तुरंत अभिभावक, शिक्षक या नजदीकी पुलिस स्टेशन को जानकारी दी जानी चाहिए। जिला सूचना अधिकारी हेमंत मौर्य और अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान ने विद्यार्थियों को समझाया कि सजगता और सतर्कता ही इंटरनेट ठगी को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है।

उन्होंने युवा पीढ़ी को हमेशा सावधान रहने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस टीम पर पथराव का आरोपी गिरफ्तार

● फरार चल रहे आरोपी फरजंद अली को कोर्ट में किया पेश

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने गई एसओजी और एएनटीएफ टीम पर पथराव करने के एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

बताते चलें कि 1 जनवरी की शाम पांच बजे एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने एसओजी के साथ मिलकर सुभाष कॉलोनी स्थित नाजिम उर्फ नदीम के घर पर दबिश दी और स्मैक भी बरामद की, लेकिन हिरासत के दौरान अचानक माफियाओं ने संयुक्त टीम पर पथराव कर दिया। जिसमें एसओजी सिपाही भुवन पांडेय घायल हो गया और नशा माफिया फरार होने में सफल रहा। प्रकरण में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने 64 ग्राम स्मैक के साथ हसीना निवासी सुभाष कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि नामजद कई अभियुक्त फरार हो गए। जिसमें अभियुक्ता का देवर नाजिम उर्फ नदीम, शाहरुख, इरशाद उर्फ दाऊद उर्फ शद्दा, सूरज, अनमोल, अफसाना, फिजा, रोशनी, फरहाना पर शामिल थे। सोमवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने रतनपुरा सुभाली अजीम नगर रामपुर यूपी निवासी फरजंद अली उर्फ नन्हे को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।


पुलिस टीम पर पथराव के आरोपी फरजंद अली (बीच में) के साथ पुलिसकर्मी।

### संयुक्त टीम ने सड़क सुरक्षा के तहत चलाया अभियान

**सितारगंज:** एसडीएम रविंद्र जुवांठा के नेतृत्व में परिवहन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो वाहन सीज किए गए और 36 वाहनों का चालान किया गया।मंगलवार को एनएच-74, आर टूरिस्ट ढाबा के पास अभियान चलाते हुए टीम ने ओवरलोड, ओवरहाइट, काले शीशे, सीट बेल्ट और बिना हेलमेट चलाने वाले वाहनों का निरीक्षण किया। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यह अभियान जारी रहेगा। महाशिवरात्रि के दौरान कांवरियों की सुरक्षा को मद्देनज़र भी वाहन चेकिंग की जाएगी। इस अवसर पर परिवहन कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव, कोतवाल सुंदरम शर्मा, एसआई जगत सिंह शाही रहे।

# कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने को वाहन जांच अभियान

● प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग ने की सघन चेकिंग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बाजपुर में प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-74 पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज गति और बिना वैध दस्तावेज वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस और परिवहन विभाग ने बाजपुर क्षेत्र में कुल 57 वाहनों के चालान किए।


बाजपुर में वाहनों की जांच के दौरान मौजूद एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा व सीओ विभव सैनी।

एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा और सीओ विभव सैनी की अगुवाई में दोराहा-बाजपुर नामधारी ढाबा कट के पास विशेष चेकिंग अभियान आयोजित किया गया, जहां 27 वाहनों के चालान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। एआरटीओ संदीप वर्मा ने बताया कि पूरे काशीपुर सर्कल में कुल 88 वाहनों के चालान किए गए हैं। इसमें बाजपुर में टीटीओ जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में दो वाहन सीज किए गए, आठ वाहनों का ओवरलोडिंग में चालान किया गया और 20 डंपरों पर अन्य कारणों से कार्रवाई की गई।

पुलिस और परिवहन विभाग की टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने और कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में ऐसे चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और श्रद्धालुओं तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आयोजन

जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत खटीमा में लगे शिविर में 236 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

# शिविर में 22 समस्याओं का मौके पर ही किया निस्तारण

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत खटीमा में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों द्वारा उठाई गई 80 समस्याओं में से 22 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

सनातन धर्मशाला में आयोजित शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं का त्वरित समाधान मौके पर ही किया। शेष समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सूचना एवं सेवा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस पहल से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ और जन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया गया। शिविर में 236 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 19 आयुष्मान कार्ड, दो दिव्यांग प्रमाण पत्र, तीन महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ, होम्योपैथिक विभाग द्वारा 105 की जांच, आयुष विभाग द्वारा 98 का स्वास्थ्य परीक्षण, पांच व्यक्तियों के पेंशन आवेदन भरवाये गये, आठ के दिव्यांग बस पास, पूर्ति विभाग द्वारा 11 लोगों के राशन कार्ड/ई केवाईसी कराने सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ लाभार्थियों को दिए गए। शिविर में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सजवान, सभासद असलम अंसारी, नफीस अंसारी, मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, महामंत्री विक्की रस्तोगी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नीता सक्सेना, अंजू देवी, रेनू भंडारी, अनीता ज्याला, नीलू गुप्ता आदि रहे।



खटीमा में आयोजित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी ● अमृत विचार

# 513 किमी की पदयात्रा करेंगे राकेश

● गल्ला मंडी से शुरू हुई राजस्थान खाटू श्याम मंदिर की पदयात्रा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्याम भक्त राकेश शर्मा ने सैकड़ों किलोमीटर लंबी राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर की पदयात्रा शुरू कर दी है। यात्रा प्रारंभ होने से पहले गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रार्थना की।

मंगलवार को राकेश शर्मा अपनी टोली के साथ, जिसमें काशीपुर निवासी आशीष कुमार और पीलीभीत से सुरेंद्र सिंह शामिल थे, गल्ला मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। पदयात्रा शुरू करने से पहले पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पूजा-अर्चना की और श्याम निशान थमाया। इसके बाद राकेश शर्मा ने अपनी टोली के साथ यात्रा शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पदयात्रा की कुल दूरी 513 किलोमीटर है। इस अवसर पर लोगों ने सुरक्षित यात्रा की प्रार्थना की। इस मौके पर नरेंद्र बंसल, तारा चंद्र अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, विनीत जैन, कमल अरोरा, सचिन अग्रवाल, अजय बंसल, हरीश अरोरा, मोहित जैन, ओम अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


पदयात्रा से पहले श्याम भक्त का स्वागत करते गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

### विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा रहा देश: गौड़

**जसपुर :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ का जसपुर पहुंचने पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। यहां बजट पर चर्चा करते हुए बजट को युवा शक्ति और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित बताया। उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी बताई। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने कहा कि देश विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा रहा है। भारत की वास्तविक जीडीपी मजबूत हो रही है। वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिरता को दर्शाता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, डॉ. यूनुस चौधरी ने सरकार के कार्यों की जानकारी दी। यहां नगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह, विशाल कश्यप, समीर उर्फ राजा, मो. कलीम, तबारक हुसैन, नासिर हुसैन, जहीर आलम, अमित बग्गा, सोनू कादरी रहे।

### शराब ठेके से चार पेटी देशी शराब चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** अज्ञात चोर ठेके से चार पेटी देशी शराब की चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम किलावली निवासी विजय कुमार पुत्र शीशपाल सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चैती चौराहे पर काली वाइन एंड बेवरेज के नाम से धनौरी निवासी बृजवीर सिंह पुत्र हरी सिंह की देशी शराब की दुकान है तथा वह दुकान पर इंचार्ज के रूप में कार्य करता है। कहा कि 7 फरवरी की रात वह दुकान बंद करके गया था। जब वह 8 फरवरी को दुकान पर आया, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान से 4 पेटी माल्टा शराब की गायब थी।

# मनरेगा को समाप्त किए जाने की अफवाह निराधार: जोशी

## ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने दी योजनाओं की जानकारी



काशीपुर में कार्यशाला को संबोधित करते ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, साथ में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा को समाप्त किए जाने की अफवाह पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में यह योजना पहले से अधिक मजबूत हुई है।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी काशीपुर में आयोजित विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी बिल-2025 पर आधारित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने किसानों और स्थानीय लोगों से संवाद कर सरकार की ग्रामीण रोजगार नीति की जानकारी दी। मंत्री जोशी ने बताया कि वर्ष 1989 में जवाहर रोजगार योजना से शुरुआत हुई थी, जिसे समय-समय पर नाम बदलते हुए वर्तमान स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को 100 के स्थान पर 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में रिटेनिंग वॉल को अनुमन्य कार्यों में शामिल किया गया है। साथ ही कृषि के व्यस्त समय को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार वर्ष में 60 दिन ऐसे निर्धारित कर सकेगी, जिन दिनों योजना के अंतर्गत कार्य नहीं कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित परिसंपत्तियों के रखरखाव, स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत ढांचे का विकास तथा कृषि एवं आजीविका संवर्धन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का बजट 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 95,692 करोड़ रुपये कर दिया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राज्यमंत्री विनय रोहिला, राज्यमंत्री मंजीत राजू, मेयर दीपक बाली, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, गुरविंदर चंडोक, मंडल अध्यक्ष अर्जुन, बृजेश पाल, जसपाल जस्सी, जिला महामंत्री अमित नारंग सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### ऑनलाइन खरीदारी में छूट का झांसा दे युवक से ठगी, बाद में दी धमकी

**बाजपुरः** ऑनलाइन खरीदारी में भारी छूट दिलाने का झांसा देकर युवक से रुपये वसूलने और बाद में धमकी देने का मामला सामने आया है।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी प्रियांशु शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसके एक दोस्त ने एक युवती से पहचान कराई। उक्त युवती ने स्वयं को अमेजन कंपनी में कार्यरत बताते हुए अपनी आईडी से खरीदारी पर 40 प्रतिशत छूट दिलाने का दावा किया। युवती के कहने पर उसने आईफोन 17 प्रो मैक्स ऑर्डर किया। डाउन पेमेंट के रूप में 2280 रुपये मांगे गए, जो उसने ऑनलाइन युवती के टीम के एक युवक के फोन-पे खाते में भेज दिए। कुछ समय बाद आरोपियों ने ऑर्डर कैंसिल होने की बात कह बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन कराने को कहा। जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो उस पर बजाज कार्ड का ओटीपी साझा करने का दबाव बनाया गया। घबराकर पीड़ित ने 1903 पर कॉल कर इसकी सूचना दी और संबंधित स्क्रीनशॉट आरोपियों को भेज दिए। इसके बाद आरोपियों ने रुपये तो वापस कर दिए, लेकिन उसके साथ गाली-गलौज की गई। युवती ने अपने पिता को अधिवक्ता बताते हुए झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी, जबकि उसके साथी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अधिक घनी आबादी वाले रास्तों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

- एसएसपी ने किया दुर्घटना स्थल का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों की बैठक ली। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मनगर लिंक रोड, ढकिया रोड पर उस दुर्घटना स्थल का मौका-मुआयना किया, जहां अनिल कुमार की जान चली गई थी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी स्वप्न किशोर सिंह, कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने पुलिस टीम और ग्रामीणों के साथ कुंडेश्वरी क्षेत्र में खनन वाहनों के चलने वाले मार्गों का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी क्षेत्र की सड़कें केवल 12 फीट चौड़ी हैं, जबकि बड़े डंपर इन्हीं मार्गों से होकर गुजरते हैं। उन्होंने बताया कि बीते रविवार की रात ग्राम ब्रह्मनगर निवासी अनिल कुमार और सोमवार की सुबह शिवनगर निवासी जयपाल सिंह तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर मौत के मुहाने पर पहुंच गए। एसएसपी मिश्रा ने कहा कि गांव की सभी छोटी और बड़ी सड़कों का निरीक्षण किया गया है। अब छोटी और अधिक घनी आबादी वाले रास्तों पर भारी वाहनों के चलने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि ग्राम ढकीया, गुलजारपुर, ब्रह्मनगर सहित लगभग आधा दर्जन गांवों की सभी सड़कों का निरीक्षण किया गया। सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक इन सड़कों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, स्कूलों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों के पास साइड या हाइट बैरियर लगाए जाएंगे। महादेव नगर तिराहा और गुरु नानक सेमलपुरी मोड़ पर बैरियर लगाए जा चुके हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने बताया कि ग्राम ब्रह्मनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से अनिल कुमार की मौत हुई थी। पुलिस टीम ने आरोपी डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक की तलाश जारी है।


काशीपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### गांव से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग

**काशीपुर :** शिवलालपुर डल्लू के ग्रामीणों ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को ज्ञापन देकर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम शिवलालपुर डल्लू से एक लिंक रोड कुंडेश्वरी मार्ग से केवीएस सरिया फैक्ट्री तक जाती है जिस पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कहा कि मार्ग से गुजरने वाले अधिकतर वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगी होती तथा इस मार्ग पर स्कूल भी है। ग्रामीणों ने स्कूल टाइम में मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रधान शौर्य दत्त लखेड़ा, गुरविंदर सिंह, लवप्रीत सिंह, शीला देवी रहे।

# मेयर ने किया कांवड़ियों के लिए बसों का प्रबंध

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने रामलीला मैदान से कांवड़ियों की दो बसों को झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। मंगलवार को कांवड़ियों को हरिद्वार जाने के लिए बसें नहीं मिल रही थीं। ऐसे में महापौर ने अपनी ओर से दो बसों की व्यवस्था कराई। बस मिलने से कांवड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बसें भेजने की व्यवस्था में महापौर प्रतिनिधि समरपाल सिंह चौधरी पिछले कई दिनों से लगे हुए थे। उन्होंने 104 कांवड़ियों का रजिस्ट्रेशन कर 52-52 सीट वाली दो बसों को हरिद्वार रवाना कराया। महापौर दीपक बाली ने स्वयं इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बसें महापौर द्वारा अपने खर्चे से शिवभक्तों की सेवा के लिए भेजी गई हैं।

महापौर बाली ने कहा कि शिवभक्तों को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में रोशनी और सफाई की व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में मांस आदि की दुकानों को बंद करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, भाजपा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश चावला, राजीव अरोरा बच्चू, जसवीर सिंह सैनी, प्रकाश नेगी, अवनीश चौहान, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते महापौर। ● अमृत विचार

### बौद्धिक संपदा और योगदान शीर्षक पर होगी कार्यशाला

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. महीपाल सिंह ने बताया कि 25 फरवरी को विभाग और बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की ओर से शैक्षणिक और अनुसंधान में बौद्धिक संपदा और योगदान शीर्षक पर कार्यशाला होगी। इसमें उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षक, शिक्षाविद, अकादमिक सदस्य, अन्वेषक, वैज्ञानिक शोधार्थी, उद्योग से जुड़े व्यक्ति, नवाचार में लगे लोग, नवप्रर्वतक प्रतिभाग कर सकते हैं। यह कार्यशाला उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद यूकोस्ट की ओर से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, नवप्रर्वतकों के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरुकता और समझ को बढ़ाना है। साथ ही नवाचार को बढ़ाना देने, मौलिक कार्यों की सुरक्षा करने और आर्थिक विकास को गति देने पर जोर देना है। उन्होंने संस्थानों से वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञों से पहुंचने की अपील की है।

# गोकशी में दो गिरफ्तार, पांच सौ किलो गोमांस बरामद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर क्षेत्र में गोवंश संरक्षण स्क्वायड और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोकशी और मांस तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से करीब 500 किलो गौमांस, दो खाल, दो सिर, आठ पैर सहित मांस काटने व तौलने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

गोवंश संरक्षण स्क्वायड किच्छा और थाना बाजपुर पुलिस टीम दोराहा क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हरलालपुर गांव में एक चारदीवारी वाले परिसर में तीन युवक गोमांस काटकर बेच रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही एक आरोपी साबिर मौके से फरार हो गया, जबकि दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम केलाखेड़ा निवासी फईम पुत्र हफीज और सद्दाम पुत्र बदलू बताया। दोनों आरोपी मौके पर गोमांस काटने और तौलने का कार्य कर रहे थे। मौके से पीली तिरपाल में रखा गोमांस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, कुल्हाड़ी, चाकू, छुरी, सूजा, लकड़ी का गुटका और नीले रंग का ड्रम बरामद किया गया। पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कोमल सिंह को मौके पर बुलाकर मांस की जांच कराई, जिसमें उसे गोवंशीय पशु का मांस पाया गया। पशु चिकित्साधिकारी ने मांस के नमूने लेकर सील किए। शेष मांस, खाल, सिर और अन्य अवशेषों को नियमानुसार सील किया गया। बरामद औजारों और तराजू को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं में संलिप्त रहने की बात स्वीकार की है। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। संयुक्त टीम में उपनिरीक्षक एवं प्रभारी गोवंश संरक्षण स्क्वायड पंकज बेलवाल, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल पुष्कर राठौर, दोराहा पुलिस चौकी में तैनात एएसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह रहे।


बाजपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष ने की विकास कार्यों की समीक्षा


जसपुर के पतरामपुर में विकास कार्यों की समीक्षा करते राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने क्षेत्रीय दौरे के दौरान तीन गांवों में विकास कार्यों की समीक्षा कर समस्याएं सुनी। अफसरों को उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को विनय रोहेला ग्राम पतरामपुर, निजामगढ़, गौरा फार्म पहुंचे। वहां पर उन्होंने विकास योजनाओं की समीक्षा कर अफसरों को निर्देश दिए। रोहेला ने ग्रामीणों की राशन कार्ड बनवाने, सड़क, शमशान घाट की बाउंड्री वॉल बनवाने, शौचालय, नाला निर्माण कराने, पतरामपुर से डैम का राशन कोटा डैम में कराने, स्मार्ट मीटरों का अधिक बिल आने, मुस्लिम बिरादरी के लिए बारात घर बनवाने, आग से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने की समस्याएं सुनी। यहां तहसीलदार दिलीप सिंह, बीडीओ कमलेश कांडपाल, एई नरेंद्र रेखाड़ी, मुकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक मुकुल गर्जोला, लेखपाल दीपक सागर, रणजीत सिंह, दीपक कुमार, रवि कुमार, अली हुसैन, कुलदीप सिंह, राम सिंह, रणजीत कौर आदि रहे।

### विधायक ने अग्नि पीड़िता को दिलाए कंबल

**जसपुर :** विधायक ने आग पीड़िता को दो कंबल दिलाये। साथ ही पांच हजार रुपये की सहायता राशि देने के लिए तहसीलदार को कहा। मंगलवार को तहसील पहुंचे विधायक आदेश चौहान ने ग्राम निजामगढ़ में कनीज बेगम के घर लगी आग का मुआवजा न देने पर नाराजगी जताई। तथा जल्द ही पांच हजार रुपये की सहायता राशि देने को कहा। उन्होंने तहसीलदार से पीड़िता को दो कंबल भी दिलाये। विधायक ने बताया कि बीते माह जनवरी में अज्ञात कारणों से कनीज बेगम के घर आग लग गई थी, जिसमें पीड़िता का काफी नुकसान हुआ था। यहां तहसीलदार दलीप सिंह, राशिद आदि रहे।


जसपुर में आग पीड़िता को कंबल देते विधायक एवं तहसीलदार। ● अमृत विचार


नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते नागरिक व विद्यालय परिवार। ● अमृत विचार

### अविनाश शर्मा बाजपुर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष चुने गए

**बाजपुर :** इंटरमीडिएट कॉलेज बाजपुर की प्रबंध समिति का चुनाव सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में पं. अविनाश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। नीरज सोनी उपाध्यक्ष, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा प्रबंधक, अर्जित उपाध्याय उपप्रबंधक, भोजराज गर्ग कोषाध्यक्ष तथा सुभाष शर्मा, हर्ष डोगरा और बहादुर भंडारी कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का विद्यालय परिवार एवं उपस्थित नागरिकों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. अविनाश शर्मा ने कहा कि प्रबंध समिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि चकरपुर स्थित इंटर कॉलेज की भूमि पर शीघ्र बीएड कॉलेज की स्थापना की जाएगी। साथ ही आईपीएल की तर्ज पर प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पं. जितेंद्र शर्मा 'सोनू', पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार, प्रदेशाध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष मंदीप नरवाल रहे।

श्रद्धा

आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति व श्रद्धालु भक्तजनों ने की सहभागिता

# शिवलिंग स्थापना पर निकली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम सभा नमूना के दूधिया कालोनी में शिवलिंग स्थापना के पावन अवसर पर भव्य मंगल कलश शोभायात्रा का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति व श्रद्धालु भक्तजनों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मंगलवार को कलश यात्रा का शुभारंभ दूधिया कालोनी से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात यात्रा भट्टपुरी व भूड़ी गांव से होते हुए पुनः दूधिया कालोनी में संपन्न हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से यात्रा में भाग लिया। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह सैनी 'राज', हीरा लाल सैनी, बलवंत सिंह, रामगोपाल, अमर सिंह, सुरेश सैनी, किशन, अजय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि शिवलिंग स्थापना के बाद विधिवत पूजा-पाठ, हवन व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सद्भाव व संस्कारों को मजबूत करने का संदेश दिया।


ग्राम सभा नमूना में मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# स्कूल सुरक्षा को लेकर मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय व डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल की ओर से विद्यालय सुरक्षा व आपदा प्रबंधन योजना पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है। विवि के कुलपति प्रो. लोहनी ने उत्तरकाशी व चमोली में आए भूकंप के बारे में बताते हुए फायर सेफ्टी और पूर्व-तैयारी को जोखिम कम करने के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एचसी जोशी व कार्यक्रम निदेशक डॉ. ओम प्रकाश के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में आपदा जोखिम की पहचान, वैज्ञानिक आकलन और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया योजनाओं पर फोकस किया जा रहा है। सीका के निदेशक प्रो. गिरजा पांडे ने कहा कि उत्तराखंड जैसे संवेदनशील क्षेत्र में स्कूलों में आपदा योजना सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। तकनीकी सत्र में डीएमएमसी देहरादून के पूर्व अधिशासी निदेशक प्रो. आरके पांडे ने जोखिम प्रबंधन, सेंडाई फ्रेमवर्क और बिल्ड बैक बेटर के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रो. कमल देवलाल, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. बीना तिवारी, डॉ. मीनाक्षी राणा, डॉ. प्रीति पंत, डॉ. राजेश मठपाल, डॉ. दीप्ति नेगी, डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. खष्टी डसीला, डॉ. निर्मला तड़ागी, डॉ. प्रदीप कुमार पंत उपस्थित रहे।


यूओयू में आयोजित विद्यालय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**ब्रीफ न्यूज**

### नगर निगम को बजट न मिलना चिंताजनक: पांडे


वैभव पांडे।

**अल्मोड़ा :** नगर निगम अल्मोड़ा को अब तक विकास कार्यों के लिए ठोस बजट उपलब्ध नहीं कराया जाना बेहद चिंताजनक है। पार्षद वैभव पांडे ने कहा कि नगर की सड़कों, सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम को पर्याप्त धनराशि की आवश्यकता है। नगर की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री व प्रशासन नगर निगम के लिए बजट स्वीकृत कराने की कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है, जो अल्मोड़ा की जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

### किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बागेश्वर :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह मां की डांट से नाराज थी। नगर निवासी किशोरी ने सोमवार सायं अपने घर के भीतर ही फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पारस्परिक स्थानांतरण की मांग को लेकर गरजे मिनिस्ट्रीयल कर्मी

## लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने किया कार्यबहिष्कार, नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पारस्परिक स्थानांतरण समेत पदोन्नति की मांग को लेकर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को कर्मचारियों ने विभाग परिसर में प्रदर्शन कर कार्यबहिष्कार पर रहे। चेतावनी दी कि 12 फरवरी तक मांगों पर अमल नहीं किया गया तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीय एसोसिएशन के बैनर तले लोनिवि कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वह लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग को बार-बार अनदेखा किया जा रहा है। मांगों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों को मजबूरन कार्य बहिष्कार करना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द कर्मचारियों की मांग को पूरा नहीं किया गया तो वह सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में टीका सिंह खोलिया, भाष्कर पांडे, विमल जीना, रिहान अंसारी, शंकर सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, नंदू, अंकित तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, पान सिंह, सुनील फर्त्याल, रमेश महेरा देवेंद्र पांगती, वीरेंद्र दिगारी, गोपाल सिंह, करन दानू, मनोज कुमार, कमल किशोर, गोपाल कुंवर, ललित प्रसाद, रश्मि, विनीता बलौदी, उमाकांत, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में मंगलवार को धरना-प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्य। ● अमृत विचार

### अल्मोड़ा में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा :** 27 सूत्रीय मांगों के निदान को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ मुखर हो गया है। मंगलवार को महासंघ से जुड़े अभियंताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति करने, ओपीएस बहाल करने, उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान का एकीकरण करने, वित्तीय अधिकारी बढ़ाए जाने, पदोन्नति की सीमा 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने समेत 27 सूत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। यहां प्रदर्शन करने वालों में जनपद अध्यक्ष इं. गोविंद सिंह मेहरा, इं. ललित मोहन बिष्ट, इं. दीपक सिंह मटियानी, इं. अजय टम्टा, इं. हिमांशु जोशी, इं. रिनी पांडे, इं. सूरज सिंह रावत, इं. शेखर पांडे, इं. हितांशी नैलवाल, इं. गिरीश कोटलिया, इं. पंकज जीना, इं. कुंदन बिष्ट, इं. वीरेंद्र सिंह मेहता, इं. कमल पालिवाल, इं. प्रफुल जोशी, इं. दीपक टम्टा आदि मौजूद रहे।

### मार्ग की मरम्मत से लोगों में खुशी

**बैरती:** राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर क्षेत्र के चित्रेश्वर में पुरानी सड़क को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की मरम्मत होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। चौखुटिया-बरलगांव से बैरती-पान को जाने वाले मोटर मार्ग को चित्रेश्वर में एनएच-109 से जोड़ने वाला यह लिंक मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा था।

इस मार्ग पर अत्यधिक ढलान हो जाने के कारण कभी भी हादसा होने की आशंका बनी रहती थी। बरसात के मौसम में मलबा आने से कई बार छोटे-बड़े वाहन यहां फंस जाते थे, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्राम प्रधान चितैली बालम सिंह नेगी एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर विधायक मदन बिष्ट ने विधायक निधि से बजट स्वीकृत कराया। इसके बाद मार्ग की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इंटरलॉकिंग टाइल बिछाकर सड़क को दुरुस्त किया जा रहा है। ग्राम प्रधान चितैली बालम सिंह नेगी स्वयं कार्य की निगरानी कर रहे हैं। मार्ग के सुधरने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने इसके लिए विधायक मदन बिष्ट का आभार जताया है। हर्ष जताने वालों में ग्राम प्रधान गैराड़ सोनिया आर्या, पूर्व प्रधान महेश आर्या, हेम चंद्र आर्या, सामाजिक कार्यकर्ता महेश चंद्र पांडेय, गोबिंद सिंह, खजान चंद्र पांडेय, मुकुल पांडेय आदि रहे।

# समस्याओं के निराकरण को लेकर छात्रसंघ मुखर


अल्मोड़ा एसएसजे परिसर में मंगलवार को परिसर प्रशासन का पुतला फूंकते छात्र।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- छात्र नेताओं ने एसएसजे विवि व परिसर प्रशासन का पुतला फूंका
- शीघ्र समस्याओं का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना परिसर की तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर छात्रसंघ ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को छात्र नेताओं ने विवि और परिसर प्रशासन का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस मौके पर छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कहा कि परिसर में मूलभूत सुविधाओं का लंबे समय से अभाव बना है। परिसर के विभिन्न विभागों में पीने तक को साफ पानी उपलब्ध नहीं है। जबकि शौचालयों की हालत दयनीय बनी हुई है। वहीं, परीक्षाओं के दौरान प्रश्न पत्रों में लगातार गड़बड़ी हो रही है। जिसका असर छात्रों पर पड़ रहा है। छात्रों ने मामले को लेकर कुलपति से मुलाकात कर जल्द समाधान की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्रसंघ विवि और परिसर प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां पुतला फूंकने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश सुप्याल, उपाध्यक्ष भूपेश सिंह गैड़ा, महासचिव विशाल सिंह बिष्ट, भास्कर गोस्वामी, निशांत पांडे, रोहित कुमल्टा, हिमांशु ढौंडियाल, अंकित टम्टा, दिव्य बनौला, रक्षित गोयल आदि मौजूद रहे।

# बैजनाथ झील में डूबने से हुई युवक की मौत

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बैजनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की बैजनाथ झील में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। युवक को झील से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार सोमवार देर रात सूचना मिली कि एक युवक झील में डूब गया है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक की पहचान चौरसों निवासी स्मित ग्रेंडी (पुत्र मोहित ग्रेंडी) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे स्मित ने परिवार के साथ भोजन किया, इसके बाद वह घर से बाहर चला गया।

देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी सूचना मिली कि एक युवक झील में डूब गया है, जिसकी पहचान बाद में स्मित के रूप में हुई। झील किनारे युवक का मोबाइल फोन मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। मृतक गरुड़ में स्नातक का छात्र था।

# नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाने के निर्देश

- अल्मोड़ा में डीएम ने एनकॉर्ड की बैठक ली
- मादक पदार्थों की रोकथाम को दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** डीएम अंशुल सिंह ने मंगलवार को एनकॉर्ड की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने जनपद में मादक द्रव्यों, प्रीकर्सर केमिकल आदि के दुरुपयोग को रोकने को सख्त निगरानी एवं समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बिना प्राधिकरण लाइसेंस के नशीली दवाओं की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने, नशे से पीड़ित व्यक्तियों की नियमित काउंसलिंग, उपचार एवं आवश्यकतानुसार पुनर्वास केंद्रों में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने। नशा छोड़ चुके व्यक्तियों की भी निरंतर काउंसलिंग कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीएम नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई पुलिस एवं संबंधित विभागों को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। यहां बैठक में एसएसपी देवेंद्र पींचा, एसीएमओ डॉ. योगेश पुरोहित, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में एनकॉर्ड की बैठक लेते डीएम अंशुल सिंह। ● अमृत विचार

### गौशाला निर्माण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

**अल्मोड़ा :** डीएम अंशुल सिंह ने मंगलवार को राजकीय चारा एवं बीज उत्पादन प्रक्षेत्र भैंसवाड़ा फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्म में गौशाला निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश डिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि शासन ओर से भैंसवाड़ा फार्म में गौशाला विस्तार को मंजूर किया गया है, इसलिए अधिकारी इसके प्रति तत्परता दिखाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर रहकर पूरा ड्राईंग तथा कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

# स्कूलों के भूमि-भवन की सुरक्षा के लिए डीएम ने शुरू की पहल

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत में विद्यालयों की भूमि को सुरक्षित करने तथा भविष्य में अतिक्रमण व भूमि विवाद से बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर संचालित 'अपना स्कूल, अपनी ज़मीन अभियान' तेजी से प्रगति कर रहा है।

मात्र 20 दिनों में अभियान ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अब तक जिले के 117 विद्यालयों की भूमि का पंजीयन पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 193 विद्यालयों में प्रक्रिया जारी है। 22 जनवरी को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई थी। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की भूमि को संबंधित संस्थाओं के नाम पंजीकृत कराने के निर्देश दिए थे, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न हो। जनपद में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 646 विद्यालय संचालित हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भूमि पंजीयन की प्रक्रिया विभिन्न विकासखंडों में तेजी से चल रही है। अभियान से पूर्व केवल 55 विद्यालयों की भूमि का पंजीयन उपलब्ध था, जो अब लगातार बढ़ रहा है।

# हरीश चंद की सैन्य सम्मान से हुई अंत्येष्टि

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** ग्राम सभा गुदमी गडिगोठ निवासी हवलदार हरीश चंद का मंगलवार को बनबसा शारदा घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से वीर जवान को अंतिम विदाई दी।

35 वर्षीय हवलदार हरीश चंद 12 कुमाऊं रेजीमेंट में सेवारत थे। इन दिनों वह अवकाश पर अपने घर आए हुए थे। सोमवार, 9 फरवरी की सुबह करीब तीन बजे अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। मंगलवार सुबह शारदा घाट पर आयोजित अंतिम संस्कार में स्टेशन कमांडर बनबसा छावनी कर्नल आकाश अशोक तापड़िया, 12 कुमाऊं बटालियन के सूबेदार हर सिंह, सीमा सुरक्षा बल कंपनी के असिस्टेंट कमांडर जसवंता सेनापति, पुलिस निरीक्षक देवेंद्र, तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी और विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। 26 राजपूत बटालियन के सूबेदार जय सिंह सहित जवानों ने दिवंगत सैनिक को अंतिम सलामी दी। मृतक जवान के ताऊ खीम चंद और चाचा हर्ष बहादुर चंद ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, ग्राम प्रधान गुदमी भरत प्रसाद, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद, हवलदार बलवीर चंद, कैप्टन लक्ष्मण चंद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।


दिवंगत जवान को पुष्प चक्र अर्पित करते स्टेशन कमांडर कर्नल आकाश अशोक तापड़िया।

### चिकित्साधिकारी संघ के एंजल पटेल बने अध्यक्ष

**बागेश्वर, अमृत विचार:** आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की बैठक में नई इकाई का गठन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रांतीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज कोहली रहे। विशिष्ट अतिथि जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बागेश्वर तथा संघ की संरक्षक डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली मौजूद रहीं। बैठक में जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ. एजल पटेल को अध्यक्ष, डॉ. ईश्वर प्रकाश को सचिव, डॉ. विपिन चंद्रा को उपाध्यक्ष, डॉ. सविता सनवाल को महिला उपाध्यक्ष, डॉ. पंकज मिश्रा को उप सचिव, डॉ. हेमा गोस्वामी को आय-व्यय निरीक्षक एवं डॉ. संजय आगरी को मीडिया प्रभारी निर्वाचित किया गया।

# कुमाऊं फुटबॉल प्रीमियर लीग की शुरुआत कल से

- फुटबॉल एसोसिएशन ने प्रेस वार्ता कर लीग के कार्यक्रमों की दी जानकारी
- अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत और हल्द्वानी में खेले जाएंगे मुकाबले

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** कुमाऊ फुटबॉल प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर मंगलवार को फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश कनवाल ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन बिठौरिया क्लब हल्द्वानी और फुटबॉल एसोसिएशन अल्मोड़ा की ओर से किया जा रहा है। बताया कि प्रतियोगिता के लीग मुकाबले अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में खेले जाएंगे। जिसका शुभारंभ आगामी 12 फरवरी को हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर की छह टीमें हिस्सा ले रही है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेगें। बताया कि फाइनल प्रतियोगिता 22 फरवरी को हल्द्वानी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता में विजेता टीम को छह लाख, उपविजेता टीम को तीन लाख रुपये और ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, उद्घाटन समारोह के दौरान वरिष्ठ और युवा खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। यहां प्रेस वार्ता में भैरव गोस्वामी, अजय वर्मा, विनीत बिष्ट, सौरभ वर्मा, मनीष कनवाल, देवेंद्र भट्ट, अकरम खान, मोहित मेहता समेत अन्य मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बैठक** जिला पंचायत की बैठक में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

# अध्यक्ष ने अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूरा कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** जिला पंचायत चम्पावत की बैठक में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन सहित विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी ने की, जबकि जिलाधिकारी मनीष कुमार भी उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आदर्श चम्पावत परिकल्पना को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। साथ ही पारदर्शिता, जनसहभागिता और प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक स्वरूप के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य अधिकारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने को कहा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी होना आवश्यक है, जिससे बेहतर योजना निर्माण संभव हो सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि समय-समय पर योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं। साथ ही विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, जल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने और विकास कार्यों को दीर्घकालिक, मध्यकालिक एवं अल्पकालिक श्रेणियों में विभाजित कर प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करने पर बल दिया। उन्होंने पारंपरिक जल स्रोतों, घराटों और नौलों के संरक्षण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभिन्न योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने 'मेरी योजना' पुस्तक के बारे में भी जानकारी दी।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, सभी जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


चम्पावत में बैठक लेते जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, साथ में डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

# पर्वतीय क्षेत्रों के हित में नहीं डीडीए

- संघर्ष समिति ने डीडीए के खिलाफ गांधी पार्क में धरना दिया
- जल्द समाप्ति का शासनादेश जारी करने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता संघर्ष समिति प्रत्येक सप्ताह गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन पर अडिग रहेगी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण पहाड़ी क्षेत्रों के कतई अनुकूल नहीं है। यहां के लोगों को इससे कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति इसे हटाने की लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द डीडीए हटाने की मांग की। यहां धरना प्रदर्शन करने वालों में पूर्व पालिकाध्यक्ष व समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रत्येश कुमार पांडे, रोबिन मनोज भंडारी, ललित मोहन पंत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर धरना देते संघर्ष समिति के सदस्य।



जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

-श्रीकृष्ण

# महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

## प्रसंगवश

# मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?

# अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

> भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

## आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

-अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

-केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



# यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

> उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

## सोशल फोरम

# 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी
ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।

समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।



शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली



वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।




## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड

13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।

## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।





## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।

### अनोखी परंपरा

## गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

### आर्ट गैलरी

## जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में



जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ़्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।

### लोकायन

## बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुत: हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।

बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।

बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल-सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।




आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

## ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा


अमृत विचार

हल्द्वानी, बुधवार, 11 फरवरी 2026

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2125, सचिन 2120, सूरज 2125, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1975, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2320, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2565

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000–23000, धनिया 9400–12000, अजवायान 13500–20000, मेथी 6000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4200, मसूरी- 1500, बासमती- 8000–9400, परमल- 2500–3800

**दाल दलहन :** काला चना- 2600–4400, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5200, राजमा- 9200–12000, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1500, उड़द साबुत- 10400, काबुली चना- 7400–10300, अरहर दाल- 10200 –12000, लोबिया/करमानी- 2600–4000

# अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे : व्हाइट हाउस

### दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।

फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने एक्स पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित फाइबर से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

- **म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक**

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक**

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।

आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है। डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

- **वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर**

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।



# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत

### यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर लोस में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- वैश्विक निवेशकों के लिए भारत भरोसेमंद केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कांग्रेस सांसद ने कहा- पिंग पोंग खेल रहे हैं जयशंकर और गोयल**

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्वित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय दो लाख करोड़ था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### व्यापार समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### ये डील नहीं ढील, अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ समझौते पर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। यह बजट दिशाहीन है और कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप तय

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है।

विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र**

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे।

अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कांग्रेस नेता ने कहा- पूर्व सेना प्रमुख पर उन्हें पूरा भरोसा**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है।

## निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने मक्तल स्थित अपने घर में सुबह करीब साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को सुप्रीम कोर्ट से मिला समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आदेश को चुनौती देने में देरी पर की जानी है आपत्ति दाखिल**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

## ईडी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट में धनशोधन का प्रकरण किया दर्ज

**अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी**

- **देवस्थानम के नौ अधिकारियों व 5 डेयरी विशेषज्ञों समेत 36 लोग आरोपी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में ''लड्डू प्रसादम'' बनाने के लिए कथित रूप से मिलावटी घी के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच के लिए धन शोधन का प्रकरण दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने कुछ समय पहले आरोपी द्वारा कथित रूप से अर्जित अपराध की आय या अवैध धन की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सीबीआई के नेतृत्व वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी, दस्तावेजों और हाल में दायर आरोपपत्र को देख रही है। एसआईटी ने इस मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नौ अधिकारियों और पांच डेयरी विशेषज्ञों सहित 36 लोगों को आरोपी बनाया है। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निकाय को घी के रूप में बेची गई मूल सामग्री रासायनिक रूप से संसाधित पामोलिन तेल और अन्य अवयवों से बनी थी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में बस के नदी में गिरने से 12 की मौत

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही बस बागमती प्रांत के रामेछाप नगरपालिका में तामाकोशी नदी में गिर गई। यह स्थान काठमांडू से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक, मृत 12 यात्रियों में से 10 की पहचान कर ली गई है। स्थानीय निवासियों, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों ने दुर्घटनास्थल से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**रॉकविले।** अमेरिका के मैरीलैंड स्थित एक हाई स्कूल में एक व्यक्ति को सोमवार को गोली मारे जाने के बाद इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और इस घटना के मद्देनजर स्कूल परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया गया। स्कूल परिसर में 'लॉकडाउन' की स्थिति हैं जहां से कोई बाहर भी नहीं निकल सकता।मॉन्टगोमरी काउंटी पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि गोलीबारी के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रॉकविले सिटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि आमजन को अब कोई खतरा नहीं है।

### वकील को इमरान से मुलाकात की अनुमति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक वकील को जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने वकील को जेल में इमरान की रहने की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान पांच अगस्त 2023 से सलाखों के पीछे हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषसिद्धि के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# केन्या में सूखे से हालात गंभीर 20 लाख भुखमरी की चपेट में

**कंपाला (युगांडा)।** केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे संगठनों की ओर से यह जानकारी दी गई है।

केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।

- **जलवायु परिवर्तन के भीषण दुष्प्रभावों से जूझ रहे हैं 20 जिले**

हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

# बच्चों की गुमशुदगी

### 30 साल बाद भी ठोस कदम नहीं

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़े पैमाने पर बच्चों की गुमशुदगी के पीछे देशव्यापी गिरोह की आशंका जताए जाने से साफ है कि लंबे समय से अनदेखी के कारण देश में यह समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजा आंकड़े और मीडिया रिपोर्ट्स भी इस भयावह तस्वीर को सामने रखती हैं। देश में यह संकट कोई साल दो साल पुराना नहीं है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1993 में ही इस पर चिंता जताई थी। इसके बाद 2007 में इस पर समितियां भी गठित की गईं। नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी के संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' ने दिसंबर 2011 में एक महत्वपूर्ण शोध रिपोर्ट जारी की जिसमें खुलासा किया गया था कि देश भर में हर घंटे लगभग 11 बच्चे लापता होते हैं। इस रिपोर्ट ने पूरे देश में हलचल मचाई लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने ट्रैक चाइल्ड पोर्टल जैसा राष्ट्रीय डेटाबेस और खोया-पाया सिटीजन पोर्टल शुरू किया। ताजा मीडिया रिपोर्ट के बाद हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिर राज्यों से विस्तृत डेटा मांगा है।

### देश में बच्चों की गुमशुदगी

- वर्ष 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में 1.4 लाख से ज्यादा बच्चे लापता बताए गए थे।
- रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 47,000 से अधिक बच्चे गुमशुदा हुए जिनमें 71.4% लड़कियां थीं।
- पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में बच्चों के लापता होने की दर सबसे ज्यादा।
- आंकड़ों के अनुसार जिन बच्चों का पता नहीं लगा, उनमें 12-18 वर्ष आयु के बच्चे सर्वाधिक हैं।

### इन शहरों में सर्वाधिक गुमशुदगी

- दिल्ली में हर दिन औसतन 13 बच्चे लापता होते हैं। 2016 से जनवरी 2026 के बीच दिल्ली में कुल 60,694 बच्चे लापता हुए। जनवरी 2026 में ही 807 बच्चों की गुमशुदगी रिपोर्ट हुई है।
- कर्नाटक में 2020 और 2024 के बीच लगभग 14,878 बच्चों की गुमशुदगी रिकॉर्ड में दर्ज है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा बेंगलुरु शहर का था। यहां लापता बच्चों में 72% लड़कियां हैं।
- मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा बच्चों की गुमशुदगी वाले राज्यों में एक है और इंदौर में यह संख्या सर्वाधिक है। इंदौर के बाणगंगा और लसूडिया शहर राज्य में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।
- भोपाल में भी बच्चों के लापता होने के आंकड़े काफी भयावह हैं। मध्य प्रदेश में चार वर्षों में लगभग 59,000 बच्चे लापता हुए, जिनमें भोपाल और इंदौर के आंकड़े सबसे अधिक थे।

### लापता बच्चों में 71% लड़कियां

- एनसीआरबी के मुताबिक औसतन लापता बच्चों में लगभग 70% से 71% लड़कियां होती हैं, लड़कों का हिस्सा लगभग 29% से 30% रहता है।
- वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार जहां लगभग 17,000 लड़के लापता हुए, वहीं लापता होने वाली लड़कियों की संख्या 45,000 से अधिक थी।
- लड़कियों की गुमशुदगी के मामलों में मानव तस्करी, जबरन विवाह और घरेलू काम के लिए शोषण जैसे कारण प्रमुख रूप से चिह्नित किए गए हैं।
- लापता होने वाले बच्चों में 80% से अधिक 12 से 18 साल उम्र के होते हैं। इनमें 15 से 18 वर्ष आयु की किशोरियों की संख्या सबसे अधिक है।

### सरकार के कदम

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सके ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर पुलिस और नागरिक लापता बच्चों का डेटा साझा करते हैं।
- ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अभियान चलाकर रेलवे स्टेशनों व शेल्टर होम में मौजूद बच्चों को परिजनों से मिलाती है।
- पुलिस लापता बच्चों की फोटो का मिलान शेल्टर होम के बच्चों से करने को फेसियल रिकगनीशन सिस्टम अपना रही है।

# दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल

## अमेरिकी कानून को अपनी ढाल बनाकर संसद की समिति के सवालों के जवाब देने से किया इन्कार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी ऑन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहाँ वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है।

वह जेल के ही बंद कमरे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया। कोमर ने कहा, यह स्पष्ट रूप से बहुत निराशाजनक है। हमारे पास उन अपराधों के बारे में पूछने के लिए कई सवाल थे जो उसने और एप्स्टीन ने किए थे, साथ ही संभावित सह-साजिशकर्ताओं के बारे में भी सवाल थे। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों के लिए न्याय ही इस जांच का मकसद है।



- **कुख्यात यौन अपराधी के सहयोगियों का पता लगाने को पूछताछ करना चाहती थी समिति**

दरअसल, अमेरिकी संविधान का पांचवां संशोधन अमेरिकियों को सवालों का जवाब देने से इन्कार करके खुद के खिलाफ सबूत देने से बचने का अधिकार देता है। सोमवार को हुई सुनवाई के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि मेलानी स्टैंसबरी ने बताया कि मैक्सवेल ने इस अवसर का उपयोग क्षमादान के लिए अभियान चलाने के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि एप्स्टीन के पीड़ितों से बात करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मैक्सवेल एक बहुत बुरी महिला है जो किसी भी प्रकार की छूट दिए जाने की जरा भी हकदार नहीं है।

### वकील ने कहा- ट्रंप क्षमादान दें तभी सच बताएगी मैक्सवेल

मैक्सवेल के वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से क्षमादान दिया जाता है तभी मैक्सवेल पूरी तरह और ईमानदारी से बोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, केवल वही पूरा विवरण दे सकती है। कुछ लोगों को शायद वह पसंद न आए जो वे सुनेंगे, लेकिन सच्चाई मायने रखती है। मैक्सवेल की पेशी से पहले हाउस ओवरसाइट कमेटी को भेजे गए एक पत्र में एप्स्टीन पीड़ितों के एक समूह ने सांसदों से मैक्सवेल द्वारा दी गई किसी भी जानकारी पर संदेह करने का आग्रह किया। उन्होंने एप्स्टीन के तस्करी अभियान में शामिल कई शक्तिशाली लोगों की पहचान करने से इन्कार करने और कानून प्रवर्तन के साथ सार्थक सहयोग न करने के लिए उसकी आलोचना की। मैक्सवेल को 2021 में अपने पूर्व प्रेमी एप्स्टीन के लिए नाबालिग लड़कियों को शोषण के लिए फंसाने में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। एप्स्टीन की 2019 में जेल में मृत्यु हो गई थी।

## बढ़ते दबाव के बीच स्टार्मर का इस्तीफा देने से इन्कार

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

स्टार्मर लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने को कहा है।स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।

## लावरोव ने कहा- तनाव बढ़ाने की ओर पहला कदम नहीं उठाएगा रूस अमेरिका के कदमों पर रखेगा नजर

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को कहा कि नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की अवधि समाप्त होने के बाद अब रूस इस बात पर बारीकी से नजर रखेगा कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। लावरोव ने रूस के राष्ट्रीय टीवी चैनल एनटीवी के साथ साक्षात्कार में कहा, हम इस स्थिति को पूरी जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे और तनाव बढ़ाने की दिशा में पहल करने वाले पहले पक्ष नहीं बनेंगे। लावरोव ने स्पष्ट किया कि रूस तनाव बढ़ाने की दिशा में पहला कदम नहीं उठाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस की क्षमताओं को ध्यान में रखे बिना भविष्य में किसी बहुपक्षीय हथियार नियंत्रण समझौते की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से कहा है कि अब चीनियों के साथ समझौता करना आवश्यक है। चीन ने कई बार अपना रुख स्पष्ट किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन अगर इस प्रक्रिया का ध्यान इस तरह के त्रिपक्षीय मोड की ओर स्थानांतरित किया जाता है तो यह केवल मुद्दे के मूल सार को किनारे करने की इच्छा हो सकती है।



- **न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद रूसी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया**

## ट्रंप की कनाडा को धमकी, गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल का न करे उद्घाटन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले पुल का उद्घाटन तब तक न करने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को पूरा मुआवजा नहीं मिल जाता। गॉर्डी होवे नाम का यह अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने के बाद अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विंडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाले 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं। परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस पुल का वित्तपोषण कनाडाई सरकार कर रही है, लेकिन पूर्ण होने पर इसका सार्वजनिक स्वामित्व कनाडा और मिशिगन दोनों के पास होगा। ट्रंप गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल के उद्घाटन को कैसे रोक सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है।

- **कहा- पहले अमेरिका से मिली सुविधाओं का पूरा मुआवजा दे कनाडा**

## जनमत संग्रह पर यूनुस ने लोगों से की 'हां' में वोट करने की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं तो बांग्लादेश के भविष्य का निर्माण अधिक सकारात्मक तरीके से होगा। यूनुस ने कहा कि जनमत संग्रह के दौरान यदि लोग 'हां' में वोट करते है तो इससे कुशासन दूर करने में मदद मिलेगी। यूनुस का प्रशासन जटिल 84-सूत्रीय सुधार पैकेज को लेकर जनता का समर्थन हासिल करने के लिए अभियान चला रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों ने अंतरिम सरकार से अपेक्षा की है कि वह निष्पक्ष रुख बनाए रखे। कुछ न्यायविदों ने जनमत संग्रह की वैधता पर भी सवाल उठाया, क्योंकि बांग्लादेश के संविधान में इस तरह के जनमत संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है।

- **न्यायविदों ने बांग्लादेश में जनमत संग्रह की वैधता पर उठाए सवाल**

# वीडियो मामले में असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वामपंथी नेताओं की उस याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें भाजपा के आधिकारिक 'एक्स' खाते पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इस वीडियो में शर्मा एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर राइफल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अगुवाई वाली पीठ ने वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। पाशा भाकपा और माकपा के कुछ नेताओं की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने कहा, हम इस अदालत से असम के मुख्यमंत्री के चिंताजनक बयानों और हाल में पोस्ट किए एक वीडियो को लेकर तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। इस संबंध में शिकायतें देने के बाद भी अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



- **सीजेआई बोले- चुनाव से पहले कोर्ट में लड़ी जाती है राजनीतिक लड़ाई**

सीजेआई ने कहा, समस्या यह है कि जैसे ही चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। हम मामले को देखेंगे और तारीख देंगे। शर्मा का एक वीडियो भाजपा की असम इकाई ने सात फरवरी को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते से साझा किया था जिसमें में शर्मा को राइफल से दो लोगों की ओर निशाना साधते हुए देखा जा सकता है -जिनमें से एक ने टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है। इस वीडियो को लेकर व्यापक आक्रोश जताया गया और इसकी निंदा हुई थी। हिंसा और सांप्रदायिक नफरत भड़काने के आरोपों के बाद भाजपा ने पोस्ट को हटा लिया था।

## बुर्किना फासो में सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध

**औगाडोगू।** बुर्किना फासो की अस्थाई संसद ने सोमवार को एक विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक यह कदम कैप्टन इब्राहिम तरोरे के नेतृत्व वाले सैन्य शासन को अपनी पकड़ को और मजबूत करेगा।

विधेयक को सांसदों के किसी भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। यह विधेयक राजनीतिक दलों के चार्टर और दलों के वित्तपोषण, चुनावी अभियानों और राजनीतिक विपक्ष की स्थिति से संबंधित कानून को रद्द करता है। वर्ष 2022 में सेना के सत्ता संभालने के बाद से इस 'साहेल' देश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां पहले से ही रुकी हुई हैं।

## अमेरिकी संसद में लाया गया एच-1 बी वीजा कार्यक्रम खत्म करने का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि कंपनियों ने बार-बार इस प्रणाली का दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी श्रमिकों को अमेरिका में आयात किया है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब ने 'एक्साइल' अधिनियम पेश किया, जिसमें आव्रजन और नागरिकता कानून में संशोधन करके एच-1बी वीजा खत्म करने का प्रस्ताव है। स्ट्यूब ने कहा, अमेरिकी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि की तुलना में विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता देना हमारे राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कामगार और युवा एच-1बी वीजा कार्यक्रम के कारण लगातार विस्थापित और अधिकारहीन हो रहे हैं, जो हमारे कार्यबल की कीमत पर कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को लाभ पहुंचाता है। हम अपने बच्चों के सपने को तब तक बरकरार नहीं रख सकते जब तक हम उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को सौंपते रहेंगे। इसीलिए मैं 'निर्वासन अधिनियम' पेश कर रहा हूं, ताकि मेहनतकश अमेरिकियों को फिर प्राथमिकता दी जा सके।

- **अमेरिकी सांसद ने कहा- इस कार्यक्रम से अधिकारविहीन हो रहे हैं हमारे लोग**

बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अमेरिका में रहने और काम करने के लिए एच-1बी वीजा का उपयोग करते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कानूनी और अवैध दोनों तरह के आव्रजन पर कार्रवाई तेज कर दी है और एच-1बी जैसे वीजा पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने एच-1बी कार्यक्रम के दुरुपयोग को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

## इजराइली हमलों में गाजा में तीन लोगों की और मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा सिटी के पश्चिम में इजराइल के सैन्य हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को अस्पताल लाया गया।

ये हमले युद्धविराम समझौता लागू होने के बीच हुए हैं। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी शहर रफाह में उसके सैनिकों पर गोलीबारी के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए ये हमले किए। उसने अपने सैनिकों पर हुए हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। सेना ने कहा कि वह सटीक तरीके से अपने लक्ष्यों को निशाना बना रही है।

## सिडनी में इजराइली राष्ट्रपति की यात्रा का विरोध, हिंसक झड़प

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग की यात्रा के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। सिडनी में सोमवार रात हुए इस विरोध प्रदर्शन में पुलिस की ओर से बल प्रयोग किए जाने के वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है।

- **पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, 27 लोग गिरफ्तार, कई पुलिसकर्मी घायल**


न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस के अनुसार, इस प्रदर्शन में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से नौ पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि झड़प के दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त माल लेनन ने कहा कि अधिकारियों ने असाधारण संयम बरता और जो आवश्यक था, वही किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शन सिडनी टाउन हॉल के बाहर आयोजित किया गया था। पुलिस के अनुसार करीब 6,000 लोग मौजूद थे, जबकि आयोजकों ने संख्या 50,000 बताई। वीडियो फुटेज में पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों को धक्का देते, मुक्के मारते और कुछ मुस्लिम प्रदर्शनकारियों को नमाज़ के दौरान खींचकर ले जाते देखा गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उन्हें टाउन हॉल से संसद भवन तक मार्च की अनुमति दी होती तो स्थिति टाली जा सकती थी।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 09.58 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 10.53 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष**: आज दूसरों के मामलों में बिल्कुल हस्तक्षेप न करें। पारिवारिक हितों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। किसी पुरानी नकारात्मक घटना के कारण आप व्यथित हो सकते हैं, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा।

**वृष**: आज शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। घर में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन**: आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक संतुलित रहेगी। समयानुसार अपने स्वभाव में बदलाव लायें। दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करें। अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान हो सकता है। किसी गंभीर समस्या का समाधान आपको मिल जाएगा।

**कर्क**: आज अपना काम स्वयं करें तथा दूसरों पर बिल्कुल भी न छोड़ें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। नए कार्यों की शुरुआत को टालना बेहतर होगा। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या हो सकती है।

**सिंह**: आज आपको धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। गृहकार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। भाई-बहनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे।

**कन्या**: आज दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। आप सस्ते दामों पर महंगी वस्तु खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चिंता दूर होगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला**: आज आपकी योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा होगी। परिवार के वातावरण को लेकर थोड़े अशांत रहेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी।

**वृश्चिक**: आज दिन की शुरुआत में आंतरिक ऊर्जा में कमी महसूस कर सकते हैं। आर्थिक परेशानियों से काफी हद तक निकल पाएंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत आशावादी रहेंगे। पिछले कुछ समय से यदि स्वास्थ्य समस्या थी तो दूर हो सकती है।

**धनु**: आज समाज में हो रहे परिवर्तन को लेकर चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान परेशानी होगी अपने व्यवहार में अधिक परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। मित्रों की सलाह लेने से लाभ होगा।

**मकर**: आज दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे। किसी विशेष बड़े कार्य में सफलता मिल सकती है। मित्र आपका सहयोग करेंगे। घर की सजावट में आप विशेष रुचि लेंगे।

**कुंभ**: आज अधिकारियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। घर में अतिथि आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। साझेदारी में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने ऋण को चुकाने का बेहतरीन समय है।

**मीन**: आज आपका समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। नौकरी में स्थानांतरण होने की संभावना है।

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |



अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड -ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट पीछे : बटलर

**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में पीछे है। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के दौरान ड्रिंक्स ब्रेक में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो से रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं।

### द. अफ्रीका में मेरे अनुभव से होगा फायदा : राशिद


**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद चार सत्र से एसए20 खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा कि इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है।

# फरहान का अर्धशतक, पाकिस्तान ने अमेरिका को दिया 191 रनों का लक्ष्य

## आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : अमेरिका के गेंदबाज शाल्कविक ने चार विकेट झटके

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को अमेरिका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए। अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके।



मैच के दौरान विकेट गंवाने के बाद बल्ला हवा में उछालते पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान।



पाकिस्तान के साइम अयूब का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते संयुक्त राज्य अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक (बाएं से दूसरे)।

शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद कुमार पर जबरदस्त छक्का लगाया।

फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे। उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका। फिर फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत की गेंद पर आउट हो गए। संजय कृष्णमूर्ति ने लांग ऑफ के पास भागते हुए उनका कैच लपका। लेकिन ऑलराउंडर शादाब ने 12 गेंद में 30 रन जोड़कर स्कोर में योगदान दिया। उन्होंने कुछ जबरदस्त शॉट खेले। पर टीम ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवा दिए।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



रन के लिए दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट।

**चेन्नई, एजेंसी**

- लगातार दूसरी जीत में साइफर्ट और एलन की रिकॉर्ड साझेदारी

टिम साइफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।

# अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी



- वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात

खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

# डेविस कप में भारत के नए नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे। चक्रवर्ती ने अपने शिष्य के शुरुआती संघर्षों के बारे में कहा, तब वह सिर्फ नौ साल का था। उसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं था। उसे सुरपेट से मोगाप्पैर, फिर मोगाप्पैर से अन्ना नगर और अन्ना नगर से लोयोला कॉलेज, नुंगमबक्का जाना पड़ता था।

# पीसीबी को आईसीसी से मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

**कराची, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### विवाद के समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद : राजीव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का जताया आभार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया। दिसानायके ने एक्स कहा, यह जानकर बेहद खुशी हुई कि मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का कोलंबो में आयोजन किया जाएगा। श्रीलंका ने पीसीबी को लिखे पत्र में निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

# डि लीडे के प्रदर्शन से नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

- बास डि लीडे और लोगान वान बीक ने दो-दो विकेट झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए।

जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा।



नीदरलैंड्स के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये।

वहीं नीदरलैंड के लिए डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने। दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा



- कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम

में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था।

## एफआईएच प्रो लीग | अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम

# बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**राउरकेला, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू



नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। अर्जेंटीना और भारत के मैचों से पहले बेल्जियम के कप्तान आर्थर वैन डोरेन ने कहा, यहां समय बिताने से आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलती है। हमने अच्छा अभ्यास किया है।

# आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

## रणजी ट्रॉफी

- सुदीप तिहरे शतक से एक रन चूके, बंगाल ने पहली पारी में ही ठोक दिए 629 रन

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने 72 रन देकर चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। शमी ने 53 रन बनाकर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।